# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 26 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 26, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## 942 कर्मियों को मिला वीरता व सेवा पदक

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 942 पुलिस, अग्निशमन व नागरिक सुरक्षा कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता व सेवा पदक से सम्मानित किया गया। } 14

## भारत-इंडोनेशिया ने संबंधों को बढ़ाने का लिया निर्णय

प्रधानमंत्री मोदी व इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच व्यापक वार्ता के बाद स्वास्थ्य, समुद्री सुरक्षा, संस्कृति व डिजिटल स्पेस के क्षेत्र में सहयोग के लिए पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। } 14



फोटो : अमित वर्मा

# सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष : योगी

जिला संवाददाता

महाकुंभनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महाकुंभ मेले को एकता का संदेश देने वाला तथा देश और दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बताते हुए कहा कि सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष की तरह है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष है और इसकी तुलना किसी झाड़ और झंखाड़ से नहीं होनी चाहिए।

एक बयान के मुताबिक प्रयागराज दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने शनिवार को अखिल भारतीय अवधूत भेष बारह पंथ-योगी महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर अन्य संप्रदाय हो सकते हैं, ...शेष पृष्ठ 14 पर



महाकुम्भ में साधु-संतों के साथ पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## महाकुम्भ में मुख्यमंत्री योगी ने श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य से की मुलाकात

महाकुंभनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर शनिवार को दक्षिण भारत की श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य विधुशेखर भारती जी महाराज से भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि श्रृंगेरी पीठ के पूज्य शंकराचार्य के प्रयागराज पधारने से बहुत आनंद की अनुभूति हो रही है। आपके आगमन से महाकुंभ को पूर्णता मिल रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार शंकराचार्य की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दक्षिण रीति से स्वागत किया गया और उन्हें कुंभ के स्वरूप के रूप में नारियल भेंट किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी शंकराचार्य को शॉल ओढ़ाकर और फल भेंटकर उनका अभिनंदन किया। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य श्री श्री विधुशेखर भारती जी महाराज से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, लंबे अंतराल के बाद दक्षिण की श्रृंगेरी पीठ का महाकुंभ के महाआयोजन में आगमन हो रहा है। इससे महाकुंभ की शोभा और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संविधान हमारी सामूहिक अस्मिता का मूल आधार

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि देश का संविधान भारतवासियों की सामूहिक अस्मिता का मूल आधार है तथा यह विलक्षण ग्रंथ सभी नागरिकों को एक परिवार की तरह एकता के सूत्र में पिरोता है। राष्ट्रपति ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में जो आज व्यापक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लोक गायिका शारदा सिन्हा व ओसामु सुजुकी को पद्म विभूषण सम्मान

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कार 2025 का एलान किया है। सूची के मुताबिक पद्म विभूषण 7, पद्म भूषण 19 और पद्म श्री पुरस्कार 113 हस्तियों को मिलेंगे। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जगदीश सिंह खेहर, कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया, लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम और दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी को पद्म विभूषण से नवाजा जाएगा। लोक गायिका शारदा सिन्हा, सुजुकी मोटर के पूर्व सीईओ ओसामु सुजुकी, एमटी वासुदेवन नायर को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष और अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी, गायक पंकज उधास और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित ...शेष पृष्ठ 14 पर

- केजीएमयू की चांसलर सोनिया नित्यानंद को मिलेगा पदश्री पुरस्कार

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई : विराज सागर दास



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष विराज सागर दास ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। विराज सागर दास ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत का संविधान इस दिन लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के मौके पर हम सभी को देश की एकता व अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प लेना चाहिए।

### अवकाश की सूचना

गणतंत्र दिवस पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

26 जनवरी, रविवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी, मंगलवार को प्रकाशित होगा।

-कार्यकारी सम्पादक

### भीतर पढ़ें


- चार पीसीएस अफसरों के तबादले (पृष्ठ-02)
- रामनाम ही ले जायेगा भवसागर के पार (पृष्ठ-02)


## पीएम मोदी देहरादून में 28 को राष्ट्रीय खेलों का करेंगे शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 28 जनवरी को देहरादून आगमन हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन सम्पन्न होगा। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रजत जयंती खेल परिसर की सभी व्यवस्थाओं की बिन्दुवार समीक्षा की।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली एसपीजी के अधिकारियों ने भी खेल परिसर का गहन निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का सभी जनपदों व ब्लाकों में सजीव प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए एलईडी टीवी लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ पर प्रदेश भर में जनसहभागिता से दीपोत्सव व अन्य कार्यक्रम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मेरठ : पांच लोगों की हत्या का मुख्य संदिग्ध मुठभेड़ में ढेर

जिला संवाददाता

मेरठ (उप्र)। मेरठ पुलिस ने शनिवार तड़के मुठभेड़ में 50,000 रुपये के इनामी बदमाश जमील हुसैन उर्फ नईम को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार द्वारा जारी बयान के मुताबिक नौ जनवरी, 2025 को लिसाड़ी गेट स्थित अपने घर पर अपने सौतेले भाई मोइन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चों की नृशंस हत्या में जमील हुसैन उर्फ नईम मुख्य संदिग्ध था। पुलिस के मुताबिक इन पांचों के सिर पर चोट के निशान थे। इन हत्याओं के बाद पुलिस ने जमील हुसैन उर्फ नईम और उसके साथी सलमान पर इनाम घोषित किया था। पुलिस महानिदेशक ने एक बयान में कहा, जांच में पता चला है कि नईम गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना नाम और स्थान बदल रहा था। इस जघन्य अपराध के पीछे पैसे और संपत्ति को लेकर विवाद था। नईम का दिल्ली और ठाणे में आपराधिक गतिविधियों का इतिहास रहा है। बयान के अनुसार पुलिस टीम जमील हुसैन उर्फ नईम और सलमान को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थीं। बयान में कहा गया है, शनिवार सुबह पुलिस की एक टीम ने नईम को पकड़ने गयी थी और मुठभेड़ शुरू हो गई। नईम को गोली लगी और उसे पास के अस्पताल में घायलवस्था में ले जाया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर




विशेष खबर — अखिलेश दास की तरह जनसेवा में सक्रिय है उनके सुपुत्र विराज सागर दास

## डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने जलवाये अलाव




अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। जाड़े की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं,ऐसे में उन्हें तलाश रहती है किसी मसीहा की जो उन्हें शीत के प्रकोप से बचा सके। उन्हें ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़े। बहुत से गरीब जाड़े की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। लखनऊ शहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश दास मानव सेवा में सदैव सक्रिय रहते थे। आज उनके सुपुत्र बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट व अखिलेश दास फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास अपने पिता के पद चिन्हों पर चलकर जनसरोकार व मानव सेवा में पूरी तन्यमता के साथ जुटे हुए हैं। भीषण सर्दी से बचने के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर अखिलेश दास फाउंडेशन के अलाव लोगों को जाड़े से बचाव में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। फाउंडेशन की दो टीमें शाम 5 बजे से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अलाव जलाने के लिए निकलती हैं। अलाव जलाने का यह सिलसिला रात 11 ...शेष पृष्ठ 14 पर



## राज्यपाल व सीएम ने दी गणतंत्र दिवस की बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा कि गणतंत्र दिवस का पर्व हम सभी को एक सूत्र में बांधने वाली भारतीयता के गौरव का उत्सव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी है।

# न मंदिर, न मूर्ति, रामनाम ही है अवतार
# रामनाम ही ले जायेगा भवसागर पार

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ में सम्मिलित होने तरह-तरह के साधु, संन्यासी, जाति, पंथ, संप्रदाय के लोग देश के कोने-कोने से आते हैं। इस क्रम

- रामनामी संप्रदाय के अनुयायी करने आये हैं महाकुम्भ में अमृत स्नान
- रामनामी संप्रदाय के लोग पूरे शरीर पर गुदवाते हैं राम नाम
- निर्गुण राम के उपासक हैं रामनामी, मंदिर और मूर्ति पूजा नहीं करते
- छत्तीसगढ़ के जांजगीर चंपा से शुरू हुआ था रामनामी संप्रदाय

में महाकुम्भ में सम्मिलित होने छत्तीसगढ़ के रहने वाले रामनामी संप्रदाय के अनुयायी पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने आये हैं। अपने पूरे शरीर में राम नाम गुदवाये हुए, सफेद वस्त्र और सिर पर मोरपंख का मुकुट धारण किये हुए रामनामी संप्रदाय के अनुयायी संगम की रेती पर राम भजन करते हुए महाकुम्भ में पवित्र स्नान को बेताब हैं।



**रामनामी संप्रदाय के लोग पूरे शरीर पर गुदवाते हैं राम नाम :** पौराणिक मान्यता और परंपरा के अनुसार महाकुम्भ में पवित्र संगम में स्नान करने सनातन आस्था से जुड़े सभी जाति, पंथ और संप्रदाय के लोग जरूर आते हैं। इसी में से एक हैं छत्तीसगढ़ के जांजगीर, भिलाई, दुर्ग, बालोदाबजार, सांरगगढ़ से आये हुए रामनामी संप्रदाय के लोग। 19वीं शताब्दी में जब सनातन संस्कृति के तथाकथित उच्च वर्ग के लोगों ने छत्तीगढ़ में कुछ जनजाति के लोगों को मंदिर में प्रवेश करने और मूर्ति पूजा से वंचित किया तो जनजाति के लोगों ने अपने पूरे शरीर पर ही राम नाम अंकित कर अपनी देह को राम का मंदिर बना लिया। रामनामी संप्रदाय की शुरूआत जांजगीर चंपा के परशुराम जी से मानी जाती है। इस पंथ के अनुयायी अपने पूरे शरीर पर रामनाम का टैटू या गोदना गोदवाते हैं। राम नाम लिखा हुआ सफेद वस्त्र और सिर पर मोरपंख से बना मुकुट धारण करते हैं। राम नाम का जाप और मानस की चौपाईयों का भजन करते हैं। रामनामी संप्रदाय के लोग मंदिर और मूर्ति पूजा नहीं करते वो निर्गुण राम के उपासक हैं। वर्तमान में रामनामी संप्रदाय के लगभग 10 लाख से अधिक अनुयायी मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के जिलों में रहते हैं।

**राम नाम ही अवतार, राम नाम ही भवसागर की पतवार :** रामनामी संप्रदाय के कौशल रामनामी का कहना है कि महाकुम्भ में पवित्र स्नान करने उनके पंथ के लोग जरूर आते हैं। मौनी अमावस्या की तिथि पर राम नाम का जाप करते हुए हम सब संगम में अमृत स्नान करेंगे। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ से आये कौशल रामनामी का कहना है पिछली पांच पीढ़ी से उनके पुरखे महाकुम्भ में सम्मिलित होने आते रहे हैं। आने वाले समय में हमारे बच्चे भी परंपरा जारी रखेंगे। उन्होंने बताया कि सारंगढ़, भिलाई, बालोद बाजार और जांजगीर से लगभग 200 रामनामी हमारे साथ आये हैं। अभी और भी लोग मौनी अमावस्या से पहले प्रयागराज आ रहे हैं। हम लोग परंपरा के मुताबिक मौनी अमावस्या के दिन राम नाम का जाप करते हुए त्रिवेणी संगम में स्नान करेंगे। राम भजन करते हुए महाकुम्भ से अपने क्षेत्रों में लौट जाएंगे। उन्होंने बताया कि वो रामनाम को ही अवतार और भवसागर की पतवार मानते हैं। वो मंदिर नहीं जाते और मूर्ति पूजा नहीं करते। केवल राम नाम का जाप ही उनका भजन है और रामनाम लिखी देह ही मंदिर।

## चार पीसीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शनिवार को पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। उपजिलाधिकारी जालौन सुरेश कुमार पाल को बदायूं में नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। नजूल अधिकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण संजय कुमार सिंह को नगर मजिस्ट्रेट बुलंदशहर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उपजिलाधिकारी मिर्जापुर आसाराम वर्मा को बलिया का नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसके अलावा उपजिलाधिकारी लखीमपुर खीरी विनीत कुमार उपाध्याय को नगर मजिस्ट्रेट मिर्जापुर बनाया गया है।

## भाजपा का मिशन केवल झूठ और लूट है : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि जनता समझ चुकी है कि भाजपा कभी भी सच क्यों नहीं बोलती है। झूठ और लूट ही उसका एक मात्र मिशन है और विकास का उसके पास कोई विजन नहीं है।

- सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

सत्ता का दुरूपयोग कर भाजपा झूठे आश्वासन देती है और विपक्ष को बदनाम करने के लिए नए-नए बहाने गढ़ती है। अब जनता मिल्कीपुर उपचुनाव सहित 2027 के चुनावों में भी उसे करारी शिकस्त देने का इरादा कर चुकी है। भाजपा जैसे 2017 में प्रदेश की सत्ता में आई थी 2027 में वैसे ही सत्ता से बाहर हो जाएगी। अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकताओं की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस



अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल भी मौजूद थे। श्री यादव ने कहा कि पांच फरवरी को मिल्कीपुर के उपचुनाव में जनता ने समाजवादी पार्टी पर ही भरोसा करने का मन बना लिया है। यह उपचुनाव जीतना लोकतंत्र के लिए भी आवश्यक है। मिल्कीपुर उपचुनाव के नतीजों का असर अगले विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा। श्री यादव ने कहा कि पिछले उपचुनावों की तरह भाजपा प्रशासन तंत्र के दुरूपयोग से मिल्कीपुर में भी चुनाव में गड़बड़ी करने की रणनीति बना रही है।


रेरा पंजीकरण संख्या UPRERAPRJ787484 | वेबसाइट- www.up-rera.in

IS 15700:2018 सेवोत्तम प्रमाणित
हमारा प्रयास, आपका आवास

वर्षों का अटूट विश्वास, आपका आवास विकास

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
लाया है अवध विहार योजना, लखनऊ में
सामान्य पंजीकरण-2025 के अन्तर्गत
आवासीय भूखण्डों को प्राप्त करने का
सुनहरा अवसर



ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि
दिनांक 13.01.2025 से 13.02.2025 तक

| योजना का नाम | क्षेत्रफल (वर्ग मी.) | भूखण्डों की संख्या | मानक भूखण्ड का मूल्य (रु. लाख में) | पार्क फेसिंग एवं कार्नर भूखण्ड का मूल्य (रु. लाख में) | पंजीकरण धनराशि (रु. लाख में) | | आवंटन/ विक्रय करार के उपरान्त पंजीकरण धनराशि समायोजित करते हुये एक माह में जमा की जाने वाली धनराशि (रु. लाख में) | | अवशेष धनराशि 72 मासिक किश्तों में (रु. लाख में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | सामान्य श्रेणी | आरक्षित श्रेणी | सामान्य श्रेणी | आरक्षित श्रेणी | मानक | पार्क फेसिंग |
| अवध विहार योजना लखनऊ | 128 वर्गमीटर | 72 | 54.91 | 63.11 | 2.75 | 1.38 | 24.71 | 26.08 | 0.53 | 0.69 |

आवंटन के पश्चात आवंटन पत्र निर्गमन तिथि से 60 दिन में भूखण्ड के कुल मूल्य का पूर्ण भुगतान करने पर 5% की छूट

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु सुविधा प्रदाता बैंक

| UP RERA Collection Account No. | बैंक का नाम एवं पता | संबंधित अधिकारी का नाम, दूरभाष सं0 |
|---|---|---|
| A/c No.: 50100294375004 | HDFC Bank, CP-06, Vikrant Khand, Gomti Nagar, Faizabad Road, Lucknow | श्री आशीष पाण्डेय 9811619422 |

इं0 पवन कुमार वर्मा
अधीक्षण अभियन्ता
अवध विहार वृत्त, लखनऊ
मो0-8795810127

इं0 सुनील कुमार
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड लखनऊ-08
मो0-8795810346

श्री हिमांशु कुमार गुप्ता
उप आवास आयुक्त
लखनऊ जोन
मो0-8189081005

श्री बृजेश कुमार
सम्पत्ति प्रबन्धक-सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, अवध विहार योजना
मो0 8189081118

भूखण्ड की बुकिंग के लिए QR कोड स्कैन करें
अथवा
वेबसाइट www.upavp.in पर विजिट करें

नियम एवं शर्तें: 1. आवेदक भारत का नागरिक हो। 2. आवेदक की आयु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि को 18 वर्ष से कम न हो। 3. ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने पर इच्छुक आवेदक सर्वप्रथम परिषद वेबसाइट www.upavp.in पर जाकर मुखपृष्ठ (Homepage) के लिंक "Online Registration For plots/houses/flats" पर क्लिक करेंगे। 4. शासन/परिषद द्वारा समय-समय पर किये गये परिवर्तन लागू होगें। 5. प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने का विकल्प देने वाले आवेदकों के मध्य आवंटन सार्वजनिक लॉटरी ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। उक्त के उपरांत यदि सम्पत्ति शेष रह जाती है तो किश्तों पर भुगतान का विकल्प देने वाले आवेदकों के मध्य सार्वजनिक लॉटरी ड्रॉ से कार्रवाई की जाएगी। 6. आवेदन मात्र ऑनलाइन माध्यम से ही किये जाएंगे। 7. किसी भी विवाद की स्थिति में आवास आयुक्त का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा। 8. ऑनलाइन आवेदन तथा विस्तृत नियम व शर्तें देखने के लिए परिषद की वेबसाइट www.upavp.in पर Login करें।

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ
Website : https://www.upavp.in, E-mail.: info@upavp.com
संपतियों एवं पंजीकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए डायल करें (टोल फ्री नंबर) 1800-180-5333, 0522-2236803
UPHousingBoard www.upavp.in





संक्षेप

## मौसम में बदलाव का अनुमान

**इटावा।** मौसम में बदलाव का अनुमान, फिर शुरू होगा सर्दी का कहर मौसम विभाग का सर्दी को लेकर अनुमान।

26 जनवरी को सुबह या रात के समय यूपी में अलग अलग स्थानों पर धुंध और छिछला कोहरा छाने का पूर्वानुमान है।27 जनवरी को भी मौसम ऐसा ही रहेगा।29 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। जिसका थोड़ा असर यूपी में भी देखने को मिलेगा। आने वाले 24 घंटे के बाद अधिकतम और न्यूनतम दोनों ही तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी हो सकती है।

## 35 किलो मादक पदार्थ जब्त

**इटावा।** जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी अध्यक्ष, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक नगर, नोडल अधिकारी ड्रग डिस्पोजल, क्षेत्राधिकारी नगर व क्षेत्राधिकारी लाइंस के द्वारा जनपद के विभिन्न थानों कोतवाली सिविल लाइन फ्रेंड्स कॉलोनी इकदिल भरथना बकेवर लवेदी जसवंत नगर सैफई के 35.39 किलोग्राम कुल 48 अभियोगों में जब्त मादक पदार्थ जिनका न्यायालय द्वारा निर्णय सुनाया जा चुका है व न्यायालय द्वारा विनष्टीकरण का आदेश दिया जा चुका है को जनपद आगरा एत्मादपुर स्थित इंसीनरेटर, पर्यावरण विभाग द्वारा अधिकृत संस्था के माध्यम से मादक पदार्थों का निस्तारण डिस्पोजल किया गया।

## समाधान दिवस आयोजित

**इटापा।** माह के चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा थाना इकदिल एवं थाना लवेदी पर पहुंचकर थाना पर आये आम लोगों की समस्याओं को सुना गया।

जिसमें महोदय द्वारा लोगों से शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर एवं समस्या के बारे में जानकारी कर सम्बंधित को घटना स्थल पर जाकर समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस के अन्य अधि, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में दिलाई गई शपथ

**इटावा।** सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है इसी क्रम में पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन इटावा पहुँचकर पुलिस कार्यालय के सभी शाखाओं एवं पुलिस लाइन में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण को शपथ दिलाई गई। शपथ दिलाते हुये महोदय ने कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी सहित जनपद के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में दर्ज करायें नामः डीएम



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज पडरौना में आयोजित भव्य कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता शपथ ग्रहण जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के द्वारा कराया गया।

जिलाधिकारी ने आयोजि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 25 जनवरी अपने आप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है जो राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है और यह याद दिलाता है कि किसी भी राष्ट्र के उन्नति हेतु मतदान बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य हैं और मतदान वही करेगा जिसका नाम मतदाता सूची में होगा और मतदाता सूची में जो 18 वर्ष का होता है उसी का नाम दर्ज होता है ऐसे में बच्चों और बी एल ओ को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी को आवाहन किया कि हम सभी का प्रयास ऐसा हो जिससे जनपद में मतदान प्रतिशत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सके।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा और अपर जिलाधिकारी वैभव कुमार मिश्रा उपस्थित रहे कार्यक्रम का आयोजन उप जिलाधिकारी पडरौना व्यास नारायण उमराव द्वारा किया गया था।उप जिलाधिकारी सदर व्यास नारायण ने कहा की पहले सिर्फ 1 जनवरी को ही मतदाता सूची में नाम जोड़ना निर्धारित था कि जो भी लोग 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं उनका ही नाम मतदाता सूची में दर्ज हुआ करता था परंतु भारत सरकार ने विभिन्न पहलुओं को देखते हुए इनका परिमार्जन कर दिया है और अब पूरे वर्ष में चार बार अर्थात प्रत्येक तिमाही 1 जनवरी , 1 अप्रैल ,1 जुलाई और 1 अक्टूबर में आप अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बच्चों से अपील किया की जो भी 18 वर्ष पूर्ण करने जा रहे हैं वो सजग रहें और अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वा लें। सहायक निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर ने बताया कि फॉर्म 6, वेबसाइट और एप के माध्यम से आप निर्वाचन की समस्त गतिविधियों को देख सकते हैं और राष्ट्रीय दायित्व के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए आप सभी इस ऐप को तत्काल डाउनलोड करें और जो भी युवा युवती 18 वर्ष को पूर्ण हो रहे हैं वह अपना नाम सीधे मतदाता सूची में इस ऐप के माध्यम से भी जोड़ सकते हैं। इसके पूर्व विद्यालय के प्रबंधक मनोज शर्मा सारस्वत तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ल ने आए अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। विद्यालय के बच्चियों द्वारा मंत्र मुक्त करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# नागरिक सुरक्षा गोरखपुर के तीन वार्डन राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवा पदक से होंगे सम्मानित



**चरगांवा, गोरखपुर।** 76 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा नागरिक सुरक्षा गोरखपुर के स्टाफ ऑफिसर सौरभ सिंह समेत दो अन्य अधिकारियों को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया जायेगा।

अत्यंत सार्थक कर्तव्यनिष्ठा एवं कार्यकुशलता का परिचय देते हुए विभाग की ऊंची परम्पराओं का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने के फलस्वरूप उनकी सेवाओं को मान्यता प्रदान करते हुए गोरखपुर के तीन अधिकारीयों को सराहनीय सेवा पदक व प्रशस्ती पत्र दिया जायेगा। जिसकी घोषणा आज गृह मंत्रालय द्वारा की गई। नीरज श्रीवास्तव ( सहायक उपनियंत्रक ) नैय्यर आलम ( डिवीजनल वार्डेन आ. )

**सौरभ सिंह (स्टॉफ ऑफिसर)**

इस संबंध में जानकारी देते हुए उप नियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया इन सभी के द्वारा नागरिक सुरक्षा के माध्यम से समाज के मध्य किए जा रहे सराहनीय कार्यों के दृष्टिगत जिलाधिकारी /नियंत्रक श्री कृष्णा करुणेश जी ने भारत सरकार को पदक के लिए नाम भेजा था।जिलाधिकारी महोदय के सानिध्य में अब तक पांच पदक गोरखपुर को प्राप्त हो चुके हैं या हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है।

**इन लोगों ने दी बधाई**

वहीं पदक के लिए नाम घोषित होने पर तीनों पदाधिकारियों को जिलाधिकारी/नियंत्रक कृष्णा करुणेश ,अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार सिंह ,उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह,चीफ वार्डेन डॉ.संजीव गुलाटी,डिप्टी चीफ वार्डेन डॉ. शरद श्रीवास्तव,डिवीजनल वार्डेन कोतवाली विकास जालान, डिवीजनल वार्डेन गोरखनाथ राजेश चन्द्र चौधरी, डिवीजनल वार्डेन सिविल लाइन्स अखिलेश ओझा सहित अन्य ने बधाई दी। उक्त आशय की जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से नागरिक सुरक्षा के उप नियंत्रक/ खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की बैठक संपन्न

**देवरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में आज गांधी सभागार, विकास भवन, जनपद-देवरिया में जिला एकीकरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त मनरेगा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सदस्य जिला एकीकरण समिति, जनपद के विशिष्ट व्यक्तियों तथा विभिन्न सम्प्रदायों के धर्मगुरुओं ने भाग लिया बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर जनपद के विशिष्ट व्यक्तियों और धर्मगुरुओं में दामोदर सिंह ग्रन्थी, विस्मिल्लाह लारी, मयूर हसन मूनी, कमलेश पाण्डेय, विश्वजीत सिंह संथवार, शिव कुमारी देवी, बबीता चौहान, प्रभा भारती, अरविन्द्र कुमार पाण्डेय, शंकर चौहान, सन्देश यादव, डा० शोभा शुक्ला, डा० राधेश्याम शुक्ल, डा० सौरभ श्रीवास्तव, सर्वेशनाथ त्रिपाठी, राजन मणि त्रिपाठी, रत्नेश्वर गर्व, अंजली अरोड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में सर्वेशनाथ त्रिपाठी ने आगामी होली के अवसर पर होली मिलन समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। दामोदर सिंह ग्रन्थी ने गुरुनानक जयन्ती के अवसर पर सदस्यगण द्वारा सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यगण द्वारा बताया कि जिला एकीकरण समिति अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक एकता और समरसता के लिए कार्य करती रहेगी। बैठक के समापन पर अध्यक्ष जिला एकीकरण समिति ने सभी महान विभूतियों और विशिष्ट व्यक्तियों को अपने बहुमूल्य समय प्रदान कर बैठक में उपस्थित होने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया और बैठक को सफलतापूर्वक संपन्न घोषित किया।

## प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट शातबी का स्वागत



**इटावा।** अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में शनिवार को वाराणसी से आये प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट शातबी इकबाल का प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर ने प्रतीक चिन्ह देकर तथा फरहत अली व आमिर खान ने गुलपोशी कर स्वागत किया। डॉक्टर शातबी इकबाल ने बच्चों को होने वाले गर्दन दर्द, पीठ दर्द, घुटनों का दर्द, सर दर्द आदि के होने वाले कारणों तथा उसके उपचार पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने समझाया कि सही से बैठने तथा पढने के लिए कुर्सी और मेज का इस्तेमाल करें साथ ही जब भी पढ़े तो टेक लगाकर ही पढ़े मोबाइल का इस्तेमाल अँधेरे में बिलकुल न करें साथ ही कंप्यूटर का प्रयोग करते समय बीच बीच में इधर उधर भी देखें इससे आँखों पर उसका प्रभाव नहीं पड़ेगा और स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। इस अवसर पर फरहीन नाज, हाफिज इकबाल अजहरी, गुलजार अहमद, युसरा शाहिदा, इफ्फत परवीन, गुलफ्शा तथा मोहम्मद इमरान उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में किशोर की मौत, दूसरा घायल

**चकरनगर, इटावा।** गुरुवार सुबह डेरी पर दूध लेकर जाने के दौरान एक ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें चालक सहित बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन आनन-फानन में निजी वाहन से दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां से डॉक्टर ने दोनों को सैंफई के लिए रेफर कर दिया, यहां देर शाम बाइक सवार किशोर ने दम तोड़ दिया।बिठौली थाना के गांव गौरनपुरा निवासी रामनरेश का 17 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार गुरुवार सुबह करीब नौ बजे सहसों थाना के गांव पिपरौली गढ़िया में संचालित डेयरी पर दूध देने गया था। इसी दौरान पिपरौली गढिया का 18 वर्षीय गोलू उर्फ गजराज पुत्र झल्लू राठौर डेयरी पर आ गया और दोनों समीप की दूकान से कुछ सामान लेने चले गए। वापस लौटने के दौरान एक घूम पर सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे चालक सहित बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल से आयुर्विज्ञान विवि सैंफई भेजा गया था। यहां बाइक सवार विवेक कुमार ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे साथी की हालत नाजुक बताई जा रही है। रामप्रकाश, प्रभारी निरीक्षक सहसों ने बताया कि ट्रैक्टर से टक्कर लगने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिसमें विवेक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का उपचार चल रहा।

# बलवीर आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव बने



**इटावा।** सिविल लाइन डॉ. भीमराव अंबेडकर बुद्ध बिहार में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रदेश सचिव बनाए जाने पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम और भीम आर्मी के कार्यकताओं ने बलवीर सिंह जाटव का फूल मालाओं से स्वागत किया।

प्रदेश सचिव बलवीर जाटव ने सबसे पहले बुद्ध बिहार में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और अपने सभी साथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि भीम आर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद व आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ का में तहेदिल से धन्यवाद करता हूँ। जिन्होंने मुझ पर विश्वास करके हमें प्रदेश सचिव और मंडल प्रभारी कानपुर मंडल की जिम्मेदारी दी है। इस दौरान उपस्थित रहे मंडल संयोजक जिला पंचायत सदस्य रोहित गौतम, पूर्व कानपुर मंडल प्रभारी मोहम्मद आमीन, भीम आर्मी जिलासंयोजक गौरव गौतम, जिला प्रभारी विनय यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष हर्ष चैधरी,लाल सिंह जाटव, धर्मवीर दिवाकर, सुंदरम बौद्ध, ब्लॉक संयोजक सिद्धार्थ गौतम, इमरान स्आदि लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया एवं चंद्रशेखर आजाद जिंदाबाद भीम आर्मी जिंदाबाद आजाद समाज पार्टी कांशीराम जिंदाबाद के नारे लगाए।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय क्षेत्र के राजा देवी महिला पी जी कॉलेज सल्लहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक कार्यक्रम कर छात्राओं के बीच राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते विद्यालय के प्राचार्य डॉ अमित कुमार राय ने अपने संबोधन में कहा कि इस अवसर पर प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण हेतु ₹वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालें₹ विषय पर अपना विचार व्यक्त किया। साथ ही स्वयं सेविकाओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया।डॉ नन्द किशोर तिवारी ने भी अपने सम्बोधन में कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए एक वोट बहुत जरूरी है।कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए महंगाई, भ्ष्टाचार, गरीबी बेरोजगारी जैसे अनेको समस्याओं के निराकरण के लिए मतदान जरूर करना चाहिए। निबन्ध प्रतियोगिता के दौरान प्रीति गुप्ता प्रथम व दूसरे स्थान पर अभिमिता सिंह रही।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ महेश कुमार गुप्ता ने किया।जिस दौरान डॉ पुनिता मिश्रा, डॉ श्रवण पाण्डेय एवम डॉ संतोष प्रजापति ने भी अपना विचार प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान प्रवक्ता अनुज पाण्डेय , सतेन्द्र कुमार पाल, कुमारी दिव्या, सुमित कुमार पाठक, राजेश राव, सतीश त्रिपाठी, मनोज कुमार राय, कार्यालय अधीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय सहित समस्त छात्रायें मुख्य रूप से उपस्थित रहें।इसी क्रम में नगर के बहादुर यादव महिला महाविद्यालय, नगर पंचायत भटनी में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय मतदान दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना और राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा ₹राष्ट्रीय मतदाता दिवस₹ पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया और छात्राओं को मतदान करने के लिए शपथ कराया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार यादव और प्राचार्य डॉ्ट राम मनोहर यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक अजय कुमार यादव ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया और महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लराष्ट्रीय मतदाता दिवस हमारे जीवंत लोकतंत्र का उत्सव है। यह हर नागरिक को मतदान का अधिकार उपयोग करने और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने की शक्ति देता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ्टराम मनोहर यादव ने कहा कि ह्लमैं महाविद्यालय की छात्राओं से अनुरोध करता हू कि वे बड़ी संख्या में मतदान करें ।

## मतदाता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारीगणों द्वारा मतदान हेतु मतदाता शपथ ग्रहण किया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा इस अवसर पर सभी को चुनाव के दौरान अपने मतों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने सहित कहा कि यह अधिकार भारत के संविधान द्वारा प्रदत है तथा लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दाओं को बनाए रखने और स्वस्थ लोकतंत्र हेतु मताधिकार का प्रयोग आवश्यक है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, उप जिलाधिकारी मु0 जफर, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति रही।

# प्रार्थना पत्रों का पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारणः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में कोतवाली पडरौना में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना गया व राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा की प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहे। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, तथा जो आपके क्षेत्राधिकार के बाहर हो उसे उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रार्थी को भी अवगत कराए। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को राजस्व टीम बनाकर पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। आज के समाधान दिवस में ज्यादातर प्रार्थना पत्र भूमि विवाद, कोर्ट से स्थगन, बैनामा, अतिक्रमण, आवास पट्टा आवंटन, गृह निर्माण कार्य में आई अड़चन से संबंधित थे। इस प्रकार कुल 23 प्रार्थना पत्र आए जो पुलिस एवं राजस्व विभाग से संबंधित था जिसमे से 02 का निस्तारण तत्काल किया गया, तथा अवशेष 21 आवेदन पत्र को सम्बन्धित को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्र निष्पक्ष निस्तारण हेतु सौंप दिए गए।पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर श्री अभिषेक, तहसीलदार सदर पूर्णिमा सिंह, थाना प्रभारी रविंद्र नगर धूस सहित राजस्व विभागों के कानूनगो व लेखपाल एवं अन्य पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहें।

# रोजगार मेला 30 को

कुशीनगर। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, कुशीनगर एवं मॉडल कॅरियर सेन्टर, कुशीनगर के संयुक्त तत्त्वावधान में गाँधी इण्टरमीडिएट कालेज, खड्डा, के परिसर में दिनांक 30.01.2025 को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित किया गया है, इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के कम्पनी के भर्ती अधिकारी उपस्थित रह कर विभिन्न पदों पर परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की कार्यवाही सम्पादित करेगें। इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा इत्यादि उत्तीर्ण तथा 18 से 35 वर्ष आयु के अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है।उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों जैसे-चेकमेट सिक्योरिटी, जीएस4, बाम्बे इंटेलीजेन्स सिक्योरिटी (1) लि०, कॉसमोस मैनपावर सर्विस प्रा०लि०, डीसेट, ई-कार्ट, एल०आई०सी०, एस०बी०आइ० लाईफ, रेवेल इनफार्मेशन टेक्नोलाजी, क्वेस कार्प (टाटा मोटर्स), एम०आर०एफ० टायर रिलायंस सोलर एनर्जी लि०, अशोक लीलैण्ड, महिन्द्रा सीआईईई, एडिक्को इण्डिया प्रा०लि० इत्यादि कम्पनियों के आने की सम्भावना है, जो विभिन्न पदों पर जैसे-सिक्योरिटी कार्ड, सुपरवाइजर, बीमा अभिकर्ता, लाइफ मित्र, इंजीनियर, अप्रेंटिस ट्रेनी, प्रोडक्शन ऑपरेटर एवं फिल्ड सेल्स इत्यादि पद पर चयन करेगी। इस रोजगार मेले में इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के वेब पोर्टल- ए से लॉगइन कर सम्बन्धित कम्पनी में अपनी योग्यतानुसार ऑनलाईन आवेदन कर मेले में प्रतिभाग कर सकते है। सभी अभ्यर्थी अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, फोटो, आधार कार्ड एवं बायोडाटा इत्यादि के साथ पूर्वान्ह 10.00 बजे श्री गाँधी इण्टरमीडिएट कालेज, खड्डा में उपस्थित हो।

## प्रशासनिक अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत

**इटावा।** प्रशासनिक अधिकारी किशोर यादव 47 की शुक्रवार रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। फ्रेंडस कालोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला नगर आईटीआई में रहने वाले किशोर को घर पर अचानक सीने में तेज दर्द हुआ परिजन तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले गए जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए डाक्टरों ने सैफई कालेज रिफर कर दिया वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटी घटना में थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत नई बस्ती रामनगर निवासी नरेन्द्र उम्र 34 साल पुत्र राजकुमार की सड़क हादसे में मौत हो गई। किशोर यादव अपने पीछे पत्नी शशि यादव, दो बेटियां और एक बेटे को परिवार को छोड़ गए है। उनके चचेरे भाई मंगेश के अनुसार किशोर अपने कार्य के प्रति अत्यंत ईमानदार और समर्पित थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से परिवार गहरे सदमे में है। पत्नी और बच्चे की स्थिति बेहद दयनीय है। फ्रेंडस कालोनी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारण की पुष्टि होगी। किशोर यादव की असामयिक मृत्यु से न केवल परिवार बल्कि उनके सहकर्मी और परिचित भी शोक में डूबे है। समाज के विभिन्न वर्गों से लोग परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे है।

# महाकुंभ में जाने के लिए बसें



**गगहा, गोरखपुर।** प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने जाने वाल सनातनी श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन पर, गगहा , मझगांव,हाटा बाजार में सरकारी बसें खड़ी है, बाजार में खड़ी बसों के इंचार्ज केशव कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देशन में हमारे अधिकारियों द्वारा जगह चिन्हित कर प्वाइंट के आधार पर बसों को खड़ी किया गया है, यहां पर हमारे साथ हमारे सहयोगी शिवदान सिंह हम दोनों लोग पूरी निष्ठा के साथ प्रयासरत हैं कि किसी भी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। जिससे हर श्रद्धालु के आशीर्वाद से हम लोग भी पुण्य के भागी हो सके। बस में लगभग 40-45 यात्री होने के बाद बसों को छोड़ा जा रहा है। जो गाड़ी जिस प्वाइंट से जा रही है वें बसें श्रद्धालुओं को प्रयागराज छोड़कर उसी प्वाइंट पर पुनः आ रही है। बहुत श्रद्धालुओं को लगता है कि बसों में भीड़ और असुविधा होगी तो हम हिन्दुस्तान अखबार के माध्यम से उन श्रद्धालुओं से अपील करना चाहते हैं कि वह लोग बसों के पास पहुंचे उनको प्रयागराज बस स्टेशन तक किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होगी, इस संदर्भ में श्रद्धालुओं से बात हुई तो लोगों ने बताया कि यहां पर ड्यूटी पर आए इंचार्ज बहुत ही सरल और सहयोगी स्वभाव के हैं।

# उद्घाटन मैच में मजीठिया अकादमी ने देवरिया को हराया

जिला संवाददाता(vol)

**मंडल स्तरीय अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारम्भ**



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा क्षेत्र के मजीठिया क्रिकेट ग्राउंड सरदारनगर में शनिवार को प्रथम स्व. गुरलाभ सिंह मजीठिया स्मारक मण्डल स्तरीय अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्?घाटन चौरीचौरा के विधायक ई. सरवन निषाद ने किया। उन्होंने स्व. गुरलाभ सिंह मजीठिया के फोटो पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।प्रतियोगिता का पहला मैच मेजबान मजीठिया क्रिकेट एकाडमी व देवांश क्रिकेट देवरिया के बीच खेला गया।

जिसमें मजीठिया अकादमी ने देवरिया को 160 रनों से हरा कर शानदार जीत हासिल किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मजीठिया अकादमी के शशांक के शानदार बल्लेबाजी से 220 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें शशांक के 76 बाल ने 90 रनों की शानदार पारी खेली।

राजीव, इमराम व शाहे आलम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए देवांश क्रिकेट साहे आलम व अभिनव शाही के घातक गेंदबाजी के सामने टिक नही पाए और पूरी टीम 60 रन पर आल आउट हो गई। जिसमें साहे आलम ने 5 व आभश्व शाही 3 विकेट लिया। उक्त अवसर पर स्व० गुरलाभ सिंह मजीठिया के पुत्र व आयोजक सरदार सुखदेव सिंह मजिठिया ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि मजीठिया परिवार खेल व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करता रहता है। यहां से सभी खेलो में नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर खिलाड़ियों ने परचम फहराया है। इससे पूर्व विधायक व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता का कमेंट्री भूपेश चंद्र यादव व अमित सिंह ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि हरेंद्र यादव, आशीष यादव, गजेंद्र त्रिपाठी, प्रधानार्य डॉ दिनेश मणि त्रिपाठी, डॉ मारकण्डेय शुक्ला, अर्जुन उपाध्याय, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रमआयोजित

**देवरिया।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने स्कूली विद्यार्थियों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर रैली में शामिल हुए। यह रैली डीएम आवास से जलकल रोड होते हुए वापस जीआईसी परिसर पहुंची। रैली में छात्रों ने मतदान के महत्व को लेकर जनसामान्य को जागरूक किया और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली के उपरांत जीआईसी परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गौरव श्रीवास्तव ने उपस्थित जनसमुदाय को मतदाता शपथ दिलाई। इसके अलावा, बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नए मतदाताओं को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया और उन्हें वोटर आईडी कार्ड प्रदान किए गए।

संक्षेप

## कांग्रेस सांसद गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

सीतापुर। महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नगर पालिका परिषद सीतापुर के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा और महिला कार्यकर्ताओं ने लालबाग चैराहे पर प्रदर्शन कर सांसद का पुतला दहन किया। मुनेंद्र अवस्थी ने आरोप लगाया कि राकेश राठौर ने एक महिला को राजनीति में आगे बढ़ाने का झांसा देकर उसका मानसिक और शारीरिक शोषण किया। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपी सांसद की गिरफ्तारी नहीं होगी, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि लोकतंत्र की बात करने वाली पार्टी अपने बलात्कारी सांसद पर चुप्पी साधे हुए है। जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर ने पीड़िता पर सवाल उठाने वालों की आलोचना करते हुए कहा कि जब नार्को टेस्ट की बात हो रही है, तो यह मांग सिर्फ एक पक्ष के लिए क्यों की जा रही है। उन्होंने आरोपी सांसद का भी नार्को टेस्ट कराने की मांग की। इस अवसर पर कुसुम सिंह जया सिंह, नगर अध्यक्ष प्रथम राजन गुप्ता नगर अध्यक्ष द्वितीय पंकज पांडे, नैमिष रतन तिवारी, संजय मिश्रा , ऋषभ त्रिवेदी अमर बाजपेई, मीरा लोधी , अनीता वर्मा, पिंकी कुमारी , अनूप विश्वकर्मा आशीष कश्यप कुक्की जायसवाल, श्रेयांश वर्मा, दिलीप निगम आशीष भार्गव प्रदीप राजवंशी मोनू गौतम नीरज गौतम सहित भारी मात्रा में क्षेत्रीय नारी शक्तियां पार्टी पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ का विरोध किया तो युवक ने काटी अपनी जीभ

महमूदाबाद/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक वार्ड में घर में सो रही महिला से एक युवक छेड़छाड करने लगा। महिला ने विरोध किया तो युवक ने अपनी जीभ काटकर अचानक कूड़े में फेंक दी। जीभ काटे जाने की सूचना से हडकंप मच गया। आनन-फानन में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह सुबह अपने घर में लेटी थी। इसी दौरान हरदोई जिले के बंदीपुर गांव निवासी मनोज उसके घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मनोज उसके साथ मारपीट करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो मनोज ने अपनी जीभ काटकर फेंक दी। शोर सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गये और युवक को पकड़कर सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी का इलाज चल रहा है।

# बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, नियम लागू

जिला संवाददाता(vol)

- गणतंत्र दिवस पर पूरे जिले में लागू होगा नो हेलमेट नो पेट्रोल का नियम
- डीएम के निर्देश पर पेट्रोल पंपों पर लगाये गये जागरूकता बैनर



लखीमपुर खीरी। सड़क हादसों और मौतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, जिले में 26 जनवरी से 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' नीति लागू की गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था लागू कर दी है।

इस व्यवस्था को धरातल पर लागू करने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाने के साथ साथ पेट्रोल पंपों पर जागरूकता बैनर भी लगाए गए हैं। प्रशासन के सख्त निर्देश प्राप्त होने के बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा वाहन स्वामियों को 26 तारीख से हेलमेट के बिना पेट्रोल ना मिलने की भी जानकारी दी जा रही है। पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा दुपहिया वाहनों को हेलमेट पहनने की सलाह दी जा रही है वहीं हिदायत भी किया जा रहा है कि 26 जनवरी के बाद बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निदेर्शानुसार बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों और उनके साथ बैठने वाले यात्रियों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। पेट्रोल पंप संचालकों को अपने परिसर में 'नो हेलमेट नो फ्यूल' के बड़े होर्डिंग्स लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सभी पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना और उन्हें हमेशा चालू रखना अनिवार्य किया गया है, ताकि किसी विवाद की स्थिति में फुटेज की मदद से मामले का निपटारा किया जा सके।

## सीडीओ की पहल से महिलाएं बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल




लखीमपुर खीरी। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लखीमपुर खीरी में सीडीओ अभिषेक कुमार द्वारा मिशन स्वावलंबन की प्रेरणादायक शुरूआत की गई। इस अनूठी पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके हुनर को नई पहचान दिलाना है। पहल के तहत ब्लॉक लखीमपुर की 40 महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने ग्राम पंचायत ओदराहना में ₹मिशन स्वावलंबन₹ के तहत एक वर्किंग स्पेस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, ह्लयह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि इससे उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। सीडीओ ने आगे बताया कि इस मिशन के तहत जिले के प्रत्येक ब्लॉक में चार-चार वर्किंग स्पेस स्थापित किए जाएंगे। ओदराहना से शुरू हुई इस पहल को जल्द ही अन्य ब्लॉकों में भी लागू किया जाएगा। ग्राम ओदराहना में एक जर्जर भवन को चिन्हित कर उसे वर्किंग स्पेस में तब्दील किया गया। भवन का जीर्णोद्धार कर इसे महिलाओं के लिए सुरक्षित और संगठित बनाया गया है। यहां 40 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं संगठित रूप से काम करेंगी। इन्हें सिलाई-कढ़ाई की टूलकिट और प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे वे अपने हुनर को स्वरोजगार में बदल सकें। मिशन स्वावलंबन के तहत जिन महिलाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के साधन उपलब्ध कराए गए हैं, वे अब अपने परिवार और समाज में आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम करेंगी। सीडीओ ने इस पहल को गणतंत्र दिवस की भावना से जोड़ते हुए कहा कि यह कदम लोकतांत्रिक और आर्थिक स्वतंत्रता के महत्व को दशार्ता है। सीडीओ की इस पहल की ग्रामीण क्षेत्रों में सराहना हो रही है। यह प्रयास न केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करता है, बल्कि उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का नया अध्याय भी जोड़ता है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शुरू हुआ यह मिशन समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बन गया है।

## बारात से लौट रहे कार सवार चार युवकों की सड़क हादसे में मौत

शाहजहांपुर । जनपद में बारात से वापस घर लौट रहे कार सवार 4 युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई,जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कार में फंसे घायलों को निकाल कर जलालाबाद सीएचसी में भर्ती कराया जहां गंभीर हालत के चलते उनको मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना थाना अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के कटियूली गांव के पास की है जहां गोरा व दहिना गांव के रहने वाले कुछ लोग एक बारात में शामिल होकर वापस लौट रहे थे,इसी दौरान अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के कटियुली गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार एक ट्रक ने टक्कर मार दी.जिसके चलते हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमे बैठे राहुल कुमार 25 विनय शर्मा 27 आकाश 22 गोपाल 24 की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार सवारों को बाहर निकाला जिसमें से चार की मौत हो चुकी थी। अमित चौरसिया सीओ जलालाबाद शाहजहांपुर ने बताया हादसे में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई थी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सेंट्रल बार एसोसिएशन का शपथग्रहण समारोह आयोजित कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और निष्ठा की शपथ दिलाई गई। समारोह की अध्यक्षता अधिवक्ता सुधीर सक्सेना ने की। संचालन मनोज सक्सेना ने किया। शनिवार को तहसील परिसर में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय अरुण सिंह राठौर ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष केके शुक्ला, मंत्री अनूप कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष मोहम्मद तारिक इस्लाम, संयुक्त मंत्री सुमित गिरि, कोषाध्यक्ष अमित मिश्रा को पद और निष्ठा की शपथ दिलाई गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, एसडीएम (न्यायिक) मधुसूदन गुप्ता, तहसीलदार सुखवीर सिंह, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू मौजूद थे। इस मौके पर कमेटी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विमल श्रीवास्तव, रामजीलाल दीक्षित, विजय प्रकाश वर्मा एडवोकेट, पंकज वर्मा, आलोक गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व मंत्री राकेश त्रिपाठी, सुरेशचंद्र गुप्ता, नीरज मिश्रा, सत्यनारायण पांडे, रामकृष्ण मिश्रा सहित तहसील के तमाम अधिवक्ता कर मौजूद थे।

## नगर पालिका से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अगुवाई में नगर पालिका परिसर से बच्चों की एक जागरूकता रैली निकाली गई जो नगर प्रमुख मार्गों से होकर पालिका में समाप्त हुई। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी से संविधान एवं लोकततांत्रिक परम्पराओं की रक्षा,निष्पक्ष निर्वाचन तथा बिना किसी भेदभाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाते हुए कहा लोकतंत्र में हमारी जिम्मेदारी है कि हम बिना किसी लालच , भेदभाव,देश की मजबूती के लिए सदैव मतदान करें। इस अवसर पर ईओ सुरेन्द्र, एस आई संदीप वर्मा,वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, विजय बाजपेयी, विजय मिश्रा, मोहित अवस्थी,अवधेश कुमार,विमलेश वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, टीटू पाठक सहित अनेक पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए छात्र रवाना

जिला संवाददाता(vol)




मैगलगंज खीरी। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण शैक्षिक भ्रमण को लेकर परिषदीय विद्यालयों के स्कूलों के छात्रों का हुजूम रवाना। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया।

परिषदीय विद्यालयों में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत छात्रों में वैज्ञानिक सोच एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्रों को शैक्षिक भ्रमण को लेकर कक्षा से अतिरिक्त बाहर की जानकारी व अनुभव प्राप्त कराने के उद्देश्य से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन पर खंड शिक्षा अधिकारी पसगवां संजीव भारती के द्वारा पसगवां विकासखंड के दो विद्यालय पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय खूंटी खुर्द व मोहिउद्दीनपुर के छात्रों को लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर ने बस को हरी झंडी देकर रवाना किया तथा शिक्षक व छात्रों को शुभकामनाएं भी प्रेषित की। गन्ना डायरेक्टर ने कहा कि शिक्षकों की यह पहल वाकई काबिले तारीफ है क्योंकि छात्रों को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त बाहरी वातावरण का भी ज्ञान होना चाहिए जिससे छात्र बाहर की भी नई-नई चीजों की जानकारी हासिल कर सकें। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश शुक्ला, एआरपी नर्मदानंद, पंकज वर्मा, अवधेश सिंह, विकास मिश्रा के द्वारा छात्रों को शैक्षिक भ्रमण के लिए लखनऊ ले जाया गया।

## मियांपुर विद्यालय में मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री चुने गये

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के सविलियन विद्यालय मियांपुर रविंद्र नगर में मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को चुनाव संबंधी जानकारियां देते हुए विद्यालय में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का चयन किया गया है। शनिवार को सविलियन विद्यालय मियांपुर में सुरजन मंडल, शिल्पी भसीन और सरोज कुमार की निगरानी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए विद्यालय में कक्षा 6 के छात्र अनुज कुमार को प्रधानमंत्री और कक्षा 2 की छात्रा मानवी मंडल को मुख्यमंत्री चुनकर उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई है। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुई निबंध चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता



शाहजहांपुर/मेरा युवा भारत एवं नेहरू युवा केन्द्र, शाहजहांपुर द्वारा जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया के निर्देशन में ग्राम-हथौड़ा बुजुर्ग स्थित ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल में धूम-धाम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रबन्धक डॉ॰ आशुतोष शुक्ला व अधिवक्ता अंजली गुप्ता ने मतदान की उपयोगिता पर चर्चा कर किया व अपने सम्बोधन में युवाओं को प्रत्येक क्षेत्र में जागरूक रहकर समाज के हितार्थ सामाजिक कार्य करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम अन्तर्गत प्रतिभागियों ने निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमे निबन्ध प्रतियोगिता में फैसल खान से प्रथम व वरूण यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, चित्रकला प्रतियोगिता में रोशनी ने प्रथम व आफरीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व भाषण प्रतियोगिता में रागिनी ने प्रथम व अरमान खान से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजयी प्रतिभागियों को मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। वर्क एन॰जी॰ओ॰ के स्वयंसेवक रेहान ने मतदान क्यों आवश्यक है ? पर चर्चा-परिचर्चा करते हुए युवाओं स्वयं व अपने आसपास 18 वर्ष या उससे अधिक के लोगों को मतदान कराने का संदेश दिया। जिला परियोजना अधिकारी डॉ॰ विनय कुमार सक्सेना ने राष्ट्रीय मतदान दिवस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को जागरूक किया। अधिवक्ता अंजली गुप्ता ने आभार प्रकट करते हुए विजई प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन युवा स्वयंसेविका प्रिया श्रीवास्तव ने किया। निर्णायक मण्डल में विशेष भूमिका अन्तिमा गौतम, अविष्का, आलोक कुमार व रेहान का रहा। विशेष सहयोग हिमांशू सक्सेना समस्त विद्यालयीय स्टॉफ का रहा।

## खैराबाद में एक बार फिर गरजा बुलडोजर



खैराबाद/सीतापुर। चिल्लाय सराय चैराहे के निकट चला बुलडोजर 16000 स्क्वायर फीट भूमि मुक्त कराई गई खैराबाद ।

आज नगर पालिका परिषद व प्रशासन तथा राजस्व की टीम और पुलिस के द्वारा मोहल्ला चिल्लाय सराय चैराहे के निकट भूमाफियाओं के द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई 16000 वर्ग फीट नजूल भूमि बुलडोजर के द्वारा चार दीवारी को तोड़कर के मुक्त कराई गई खैराबाद के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त ने बताया कि चिल्लाय सराय चौराहा व कुल्हन सराय के निकट सीतापुर निवासी मजीद के पुत्र मेराज व आफताब के द्वारा 8000 व 8 000 वर्ग फीट भूमि कब्जा करके उसमें चार दीवारी उठा दी गई थी जिसकी शिकायत नगर पालिका परिषद के साथ-साथ सीतापुर जिला प्रशासन को दी गई थी आज दोपहर बाद नगर पालिका परिषद की टीम जिला प्रशासन की टीम राजस्व टीम तथा पुलिस विभाग की टीम के द्वारा उपस्थित होकर बुलडोजर के द्वारा 16000 वर्ग फिट भूमि को माफियाओं से मुक्त कराई गई उन्होंने बताया कि इस भूमि की का मूल्य 5 करोड रुपए है उन्होंने बताया कि खैराबाद में 13वीं बार बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण गिराया गया है तथा राजस्व की वृद्धि करने के साथ-साथ भूमि भू माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराई गई है । इस अवसर पर तहसीलदार विनोद कुमार नायब तहसीलदार सदर अतुल सेन सिंह नया तहसीलदार खैराबाद वसुंधरा त्रिपाठी राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर त्रिपाठी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार राणा मौके पर कोतवाली खैराबाद कोतवाली देहात के अतिरिक्त साथ थानों की पुलिस वापस बल मौजूद रहा जिससे किसी भी प्रकार का कोई विवाद उत्पन्न ना हो वह कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके।

## एसडीएम ने नये मतदाताओं का पहचान पत्र देकर किया प्रोत्साहित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कृषक समाज इंटर कॉलेज के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता और तहसीलदार सुखवीर सिंह ने हरी झंडी




दिखाकर रैली को रवाना किया। तहसील सभागार में नये मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र देकर मतदान करने को प्रोत्साहित किया गया। जिसमें आसिया, साकिरा, अनूप शुक्ला, दिलीप शुक्ला, अभिषेक जायसवाल, अखिलेश शर्मा, उमर सिद्दीकी, निहाल गुप्ता, राम चन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र राठौर इत्यादि नये मतदाता उपस्थित रहे। साथ ही हरदीश कुमार लेखपाल (निर्वाचन सुपरवाईजर), लालता प्रसाद, विजेन्द्र सिंह, अरविन्द शुक्ला, सीतेश कुमार बीएलओ निर्वाचन में अच्छे कार्यों के प्रति प्रशस्ति पत्र देकर एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीएम के आशुलिपिक भगौती प्रसाद गुप्ता, निर्वाचन कर्मचारी राहुल कुमार वर्मा, वीआरसी, कामरान आलम वीआरसी, मुबारक अली तथा तहसील गोला के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

रेउसा/सीतापुर। बीआरसी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को आदरणीय खंड विकास अधिकारीएवं आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। बताते चलें तहसील बिसवां के अंतर्गत ब्लॉक रेउसा में बीआरसी कार्यालय में 17 शिक्षामित्र व एक अनुदेशक को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशास्ति पत्र देकर किया सम्मानित। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राम जनक वर्मा ने कहा की सभी 18 बूथ लेवल अधिकारियों ने मेहनत और लगन से कार्य किया है। निकट आने वाले भविष्य में आप सभी लोग अधिक तल्लीनता से कार्य करते रहे आप सभी की मेहनत और लगन से ही विभाग का नाम रोशन हो रहा है साथ ही खंड विकाश अधिकारी ने सभी की सराहना की कार्यक्रम में मुख रूप से रामेंद्र मिश्रा राम अनूप मिश्रा भानु प्रताप कुलदीप श्रीवास्तव विकाश मिश्रा सीमा देवी रुबा कश्यप सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# मताधिकार का समझदारी के साथ करें प्रयोगः अभिषेक आनंद

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज के परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान आर्य कन्या इण्टर कालेज, आरएमपी पीजी कालेज, गौरी बाल विद्या मन्दिर, विश्वम्भर दयाल इण्टर कालेज, राजकीय इण्टर कालेज आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मतदान के महत्व के विषय में बताते हुये मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित किया। 18 से 19 वर्ष के नए मतदाताओं सचिन कुमार, कौशल, सुजाता, अनुज कुमार आदि को मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित किये गये। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजर भारत सिंह यादव, कल्पना मिश्रा, गीता रानी श्रीवास्तव, सरिता, अनिल कुमार वर्मा, प्रमिला, मुनव्वर अली, दिवाकर, प्रताप सिंह, नीरज कुमार, अंजनी कुमार सिंह, राहुल तिवारी, भुवनेश श्रीवास्तव, हरिकरण, विनीत कुमार आदि को सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करना बहुत ही आवश्यक है। यह हमारा बहुत बड़ा सौभाग्य है कि हमारा देश लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं के अन्तर्गत संचालित है और हम सभी को अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार मिला है। इस अधिकार का बढ़-चढ़कर और समझदारी से प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित किया जाता है। उन्होंने प्रेरित करते हुये कहा कि अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें। विशेष तौर पर 18 से 19 वर्ष के युवाओं एवं महिलाओं को आगे आकर अपना नाम दर्ज कराना चाहिये। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका देश के मतदाताओं की है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चों की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद वैभव त्रिपाठी, प्राचार्य जीआईजी अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रेम शंकर पाण्डेय ने सभी को शपथ दिलायी। इस अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर से एक जागरूकता रैली भी निकाली गयी, जो जी0आई0सी0 चैराहा, कोतवाली चैराहे से होते हुये जीआईसी क्रीड़ा मैदान में समाप्त हुयी। रैली का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर किया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वानें तथा सभी निर्वाचनों में मतदान करने हेतु बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से प्रेरित किया।


## कार्यालय जिला पंचायत देवरिया

पत्रांकः 860 / जि0पं0 / देवरिया — दिनांक- 25 जनवरी, 2025

### ई-निविदा सूचना

समस्त जिला पंचायतो व राज्य सरकार के सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदार जो वर्ष 2024-25 लिये पंजीकृत है, को सूचित किया जाता है कि मा. अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति के क्रम में शासकीय अनुदान से परियोजनाओं ई-निविदा दिनांक-01.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 21.02.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल साइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई-निविदा दिनांक-21.02.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा। स्कैन कापी की मूल प्रतियां निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में कराना होगा। शेष नियम व शर्त पूर्वत है जो ई-टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

| No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 01-02-2025 11.00 AM | 01-02-2025 11.00 AM | 21-02-2025 12.00 PM | 21-02-2025 03.00PM |

(जयविन्द कुमार सिंह)
अभियन्ता
जिला पंचायत, देवरिया

(अर्जुन सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, देवरिया

(गिरीश चन्द्र तिवारी)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, देवरिया

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


एम.एस. इंग्लिस मीडियम स्कूल
बसई, फिरोजाबाद रोड, टूण्डला
की ओर से
समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
26 JANUARY REPUBLIC DAY

क्षेत्र एवं जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरूण कुमार
(इं.प्र.अ.)
प्रा. वि. रामपुर खूंटी
पसगवां लखीमपुर खीरी

क्षेत्र एवं जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Rishipal Singh
Manager
Guru Nanak Dev Educational Institute,
Itara, Maigalganj,
Lakhimpur-Kheri.

Uma Devi Children's Academy
26 JANUARY
Happy Republic Day
Wishing you all a very Happy Republic Day
26 Jan, 2025
Admission Open
Our Branches :- Mohammadi | Gola

आप सभी को
76 वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
DOON PUBLIC SCHOOL
ADD : Dilawarpur, Mohammadi, Lakhimpur (Kheri)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजा प्रताप इंटर कॉलेज
सिंगाही खीरी
डॉ. एन. यू. खान
अध्यक्ष
संजय तिवारी
प्रबंधक

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
डॉ. फैजान खान
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
अजीत सिंह
बी.पी.एम.
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
कटरा, खुदागंज, शाहजहांपुर

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संध्या गौतम
सदस्य: दूर संचार सलाहकार समिति
क्षेत्रिय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव बाल्मीकि
प्रदेश सचिव भारतीय बाल्मीकि कल्याण महासभा (झांसी)
पूर्व कोषाध्यक्ष, बाल्मीकि समाज कल्याण संघ टूण्डला
पूर्व महामंत्री, महर्षि बाल्मीकि शोभा मेला समिति, टूण्डला (2024)

S.D. CONVENT PUBLIC SCHOOL
Swaroop Nagar, Linepar, Tundla
की ओर से
समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Manager
Rinku Lawaniya
Principal
M.K. Khan

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सूरज प्रताप सिंह
टूण्डला तहसील अध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन (भानु)

कृषक इण्टर कॉलेज, पचोखरा
की ओर से
समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील जैन
एन.एस.एस. प्रभारी
रमेश उपाध्याय
प्रधानाचार्य

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक यादव
प्रदेश सचिव
समाजवादी लोहिया वाहिनी (उ.प्र.)

Mitra The Adda
Free Home Delivery
Minimum Order Rs. 300
Raj 9690873186
पता- रॉयल गार्डन के सामने, स्टेशन रोड, टूण्डला फिरो.

एफ.एच. परिवार की ओर से आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
एफ.एच. हॉस्पिटल
एत्मादपुर रेलवे पुल के पास, एन.एच.-2, टूण्डला
जनरल वार्ड में सभी भर्ती मरीजों की निःशुल्क जांचें व ऑपरेशन
आयुष्मान कार्ड धारक
हेतु सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज
दवाओं सहित निःशुल्क
किया जाता है
फ्री बस सेवा एवं भोजन
मात्र 10 रु. में जनता थाली तीमारदारों के लिये
हेल्पलाइन: 9105344072
हेल्पलाइन: 7055630630 8194047777

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमन्त चौधरी
नायब तहसीलदार
तहसील सदर, फिरोजाबाद

समस्त देश वासियों को
कुल्फी हीरा लाल
की ओर से
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभात रंजन
खण्ड विकास अधिकारी
टूण्डला ब्लाक

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र प्रधान
बसई, टूण्डला

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राखी शर्मा
तहसीलदार
तहसील टूण्डला जनपद फिरोजाबाद

राम सिंह डिग्री कॉलेज
नगला सिकन्दर, एटा रोड, टूण्डला फिरोजाबाद
की ओर से
समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रवी चौधरी
प्रधान प्रतिनिधि
प्रतापपुर
दीपा रावत
प्रधान
ग्राम पंचायत प्रतापपुर

समस्त देश वासियों को
सचिन जैन
क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र (उ0प्र0)
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
समीउज्जा कुरैशी (भोले मैम्बर)
अध्यक्ष: एहले इंसानियत एकता कमेटी
टूण्डला जनपद फिरोजाबाद

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आदेश सिंह
चौकी प्रभारी
एफ.एच. हॉस्पीटल
टूण्डला

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य जैन
नगर मंत्री
भातरीय जनता पार्टी, टूण्डला

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमर सिंह पचहरे
युवा जिलाध्यक्ष
राष्ट्रीय लोकदल, फिरोजाबाद

समस्त देश वासियों को
अमित कुमार
आर.पी.एफ. कमांडर
रेलवे टूण्डला
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अंकित जादौन
उपनिरीक्षक
थाना टूण्डला

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भवानी सिंह
महामंत्री
अन्तरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भुवनेन्द्र प्रताप सिंह
श्री सुधीर सिंह आई.टी.आई.
श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज, देव खेडा, टूण्डला

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. गजेन्द्र पाल सिंह
उपजिलाधिकारी
तहसील टूण्डला जनपद फिरोजाबाद

समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हरीश चौधरी
चेयरमेन प्रतिनिधि


# गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी क्षेत्रवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**रज्जन सिंह यादव**
167 पुरवा विधानसभा
जनपद उन्नाव

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**धुन्नर प्रसाद**
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मिर्री कला
विकास खंड असोहा जनपद उन्नाव

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**उमेश चन्द्र मिश्र**




समाजसेवी
आदर्श ग्राम सभा
ऐहार, रायबरेली

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**कपिल देव तिवारी**
समाजसेवी
आदर्श ग्राम सभा
ऐहार, रायबरेली



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





**संजीव कुमार सिंह**
जिला विद्यालय निरीक्षक
रायबरेली

**अजय सिंह चंदेल**
सचिव खेल (माध्यमिक शिक्षा)
रायबरेली

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की दिली मुबारकबाद

**मो. अहमद** (अध्यक्ष)
दावतुल हक उमर सोसाइटी रजि. 5031
अध्यक्ष लावारिस लाश कमेटी जनपद उन्नाव
ईमेल: davatulhuk@gmail.com
m.ahmad786@rediffmail.com
www.unnaosociety.webs.com
मो.: 9305449215
24 एबी नगर उन्नाव।
पार्टी के मेम्बर बनने के लिए संपर्क करें।





गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**अंकुर तिवारी**
युवा नेता बिहार उन्नाव

**अवनेंद्र बाजपेई**
उर्फ-बउवन

की तरफ से सभी क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी की कोटि कोटि शुभमंगलकामनाएं



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**सूरज सिंह चौहान**
युवा समाजसेवी

**शिविर सिंह**
उर्फ वीरू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मंगला फार्मास्युटिकल्स**
पुराना अस्पताल रोड बड़ा चौराहा
उन्नाव
अंग्रेजी दवाओं के थोक व फुटकर विक्रेता



**प्रो.: धनवन्तरि देव गुप्ता**


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जौनपुर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2025 के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद परिवार की ओर से जौनपुर नगरवासियों से पालिका निम्नलिखित अपील करती है:-

1- गृहकर, जलकर व जलमूल्य का भुगतान 31 मार्च 2025 से पहले पालिका को करते हुए छूट का लाभ उठावें।
2- दुकानों, होटलों, रेस्टोरेन्ट, नार्सिंग होम, हास्पिटल पर देय किराया व लाईसेन्स शुल्क की अदायगी समय से पालिका में करें।
3- अपने-अपने घरों से निकलने वाले दैनिक कूडों को समय से निर्धारित स्थल व कूड़ेदान में फेकें इधर-उधर तितर-वितर न करें। झाड़ू लगने के पश्चात कूडा व कचरा कदापि सड़कों व पटरियों पर न फेकें, अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने कूड़ादान अवश्य रखें।
4- सड़क, पटरियों, नालियों व नालों पर किसी प्रकार का स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण न करें।
5- पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
6- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिवस के भीतर नगर पालिका में अवश्य करायें।
7- अपने घरो के पेयजल नल की टोटी को खुला न छोडकर पेयजल का अपव्यय न करें। खुली टोटी पाये जाने व जल का अपव्यय करने हेतु पाये जाने पर नियमानुसार सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
8- नगर में लगे स्ट्रीट लाईट व विद्युत उपकरणों को क्षति व नुकसान से बचायें।
9- प्रतिबन्धित पॉलिथिन, थमाकील, दोहरा, चायनीज मंझे के खरीद, बिक्री, स्टोरेज व उपयोग वर्जित है, इसका उपयोग कदापि न करे, यह गम्भीर अपराध है पकड़े जाने पर जुर्माना भरना पड़ेगा।
10- देय करों गृह कर एवं जलकर का भुगतान समय से करें तथा आनलाईन करें।
11 डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में नगर पालिका कर्मियों का सहयोग करें।
12 शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच कदापि न करें, इससे बिमारी फैलती है।

(पवन कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, जौनपुर

(मनोरमा मौर्या)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, जौनपुर

समस्त मान्य सभासद नगर पालिका परिषद, जौनपुर

पत्रांक सं. 1502 / तीन- सामा. / 2024-25, दिनांक- 24 जनवरी, 2025

## कार्यालय नगर पंचायत मौरावां, उन्नाव

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

1. नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
2. कूडा निधार्रित स्थान पर ही डालें।
3. सार्वजनिक स्थलों/नाली/सडक आदि पर अतिक्रमण न करें।
4. सभी करों का भुगतान कर नगर पंचायत का आर्थिक सहयोग करें।
5. मार्ग प्रकाश उपकरणों से किसी प्रकार की छेड-छाड न करें।
6. पॉलीथीन का प्रयोग न करें, कपडे के थैले का प्रयोग करें।
7. नलों को खुला छोडकर पानी बेकार न करें। जल अमूल्य है।
8. छः वर्ष से अधिक के बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश अवश्य करायें।
9. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
10. नगर आपका है इसे स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग करें।
11. जितना संभव हो सके अपने आस-पास वृक्ष एवं पौधे लगवायें और वातावरण को हरा भरा रखें।
12. अनावश्यक वृक्षों को न काटे, वृक्ष हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर है।
13. खुले में शौच न करें घर में आवश्यक रुप से शौचालय बनवायें।
14. कटे, सडे. फलों एवं दूषित खाद्य/पेय पदार्थो का उपयोग न करें।
15. निकाय के करों (जलमूल्य, गृहकर आदि) के करों का भुगतान समय-समय कर करते रहे।
16. डोर-टू-डोर कूडा उठाने वाले कर्मचारियों के गाडी में गीला कचरा हरे डस्टबिन में व सूखा कचरा नीले डस्टबिन में ही डालें।
17. घर में शौचालय न होने की स्थिति में सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें।
18. स्वच्छ सर्वेक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें।





(संतोष चतुवेर्दी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मौरावां
उन्नाव

(मधुकर द्विवेदी)
लिपिक
नगर पंचायत मौरावां
उन्नाव

(विवेक सेठ)
अध्यक्ष
नगर पंचायत मौरावां
उन्नाव

**समस्त सदस्यगण**

श्रीमती राजकुमारी, श्री अमरनाथ, श्रीमती प्रिया सेठ, श्रीमती रानी चैरसिया, श्रीमती साधना देवी, श्री सादिक अली, श्री अली इमाम, श्री आशीष, श्री सुल्तान बेग, श्री पंकज, श्री इसरत अली, श्री मकबूल वारिस






## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद-सीतापुर

76वें गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी 2025) के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अपने नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है नगर वासियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संकल्पबद्ध होने के साथ-साथ अपने नागरिकों से अपेक्षाऐं रखती है कि:-

01. प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें और न ही दूसरों को करने दें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिये हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने व विक्रय करते पाये जाने पर आपके विरूद्ध रू. 25,000.00 तक का जुर्माना हो सकता है।
02. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के अन्तर्गत कर्मचारी आपके घरों तक पहुच रहें हैं, कृपया अपना कूड़ा (सूखा नीले डस्टबिन में व गीला हरे डस्टबिन में) अलग-अलग कर उन्हें दें, सड़क या नाली में ना फेकें।
03. नगर की शिकायत दर्ज करने हेतु टोल फ्री नं.-1533 पर काल करें।
04. नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद के अन्तर्गत बने सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय समस्त नागरिकों के लिए नि:शुल्क खुले रहेगें। कृपया शौंचालयों का ही प्रयोग करें।
05. सेप्टिक टैंक सफाई हेतु टोल फ्री नं.-14420/9260900188 पर काल करें। प्रत्येक तीन साल में सेप्टिक टैंक की सफाई अवश्य करवायें।
06. खुले में शौच व मुत्रालय ना करें। घर में बने शौचालय या सार्वजनिक शौचालय व मुत्रालय का ही प्रयोग करें।



07 Swachhta Mohua App का प्रयोग करें, तथा अपने आस-पास की गन्दगी की आनलाईन शिकायत दर्ज करें।
08. स्वच्छ सर्वेक्षण में आपका शहर प्रतिभाग कर रहा है। शहर को अच्छी रैंकिंग दिलाने हेतु नगर पंचायत का सहयोग करें।
09. पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनायें।
10. आपके शहर में रीडियूस, रीयूज, रिसाइकिल केन्द्र (RRR CENTRE) मो. शेखन टोला तम्बौर में स्थिति है।
11. नगर पंचायत के समस्त करों को समय से अदा करें।

(प्रदीप कुमार गौतम)
अधिशासी अधिकारी

समस्त सम्मानित
सदस्यगण

(तय्यबुन)
अध्यक्ष

**नगर पंचायत आपकी सेवा में सदैव तत्पर है**

पत्रांक :-464/न.पं.त.-विज्ञापन/2024-25 दिनांक : 24 जनवरी, 2025

संक्षेप

## मिली एनओसी, अब सीवेज का पानी होगा ट्रीट

**अयोध्या।** प्रदेश की योगी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर अयोध्या में तेजी से कार्य चल रहा है। इन्हीं में से एक 33 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी है, जिसके संचालन के लिए एनओसी मिल गई है। अब जल्द ही नगर के 15 नालों के पानी को शोधित करने का कार्य शुरू किया जाएगा। गुप्तारघाट से नयाघाट तक बने बंधे के किनारे माझा जमथरा में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगभग तैयार है। 221 करोड़ की लागत बने इस एसटीपी तक सीवर जल पहुंचाने के लिए कई बड़े-बड़े गहरे चेंबर भी बनाए गए हैं। शहर के सभी नालों का पानी सरयू में प्रवाहित करने के लिए एसटीपी का निर्माण कराया गया है। नमामि गंगे योजना के तहत बनने वाले एसटीपी से शहर के सभी 15 नालों को जोड़ा गया है। यह पानी शोधित करके सरयू में प्रवाहित किया जाएगा। जल निगम ग्रामीण द्वारा उदया तिराहा 14 कोसी परिक्रमा मार्ग से एसटीपी तक 40 जगह बड़े चेंबर बनवाए गए हैं। चेंबर करीब सात मीटर गहरे बनाये गए हैं। जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता अरविंद यादव ने बताया कि भारत सरकार से एनओसी मिल चुकी है।

# डबल इंजन की सरकार में सभी को न्याय: खब्बू



**अयोध्या।** पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने मिल्कीपुर विधानसभा के पलिया लोहानी, समेरा, मलेथू, नियामतपुर, भाउपुर, सोनवरसा, हरिनाथ पुर, घुरेहटा, आस्तीकन, आदिलपुर, जमुआ तथा जाखा ग्राम सभा में जनचैपाल लगाया। दर्जनों गांवों में घर-घर सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की चर्चा की। इस दौरान कई स्थानों पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।

पलिया लोहानी में आयोजित जन चैपाल में पूर्व विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सभी को न्याय, सभी के लिए घर, जल, पढ़ाई, दवाई, सुरक्षा व सम्मान की गारंटी है। भेदभाव रहित सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया है। महिला सुरक्षा को लेकर सरकार के योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सबलता प्रदान की गई है। शोषित तथा वंचित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में हमारी सांस्कृतिक विरासत को सम्मान मिला है। हजारों करोड़ की परियोजनाओं के माध्यम से सुसज्जित अयोध्या विश्व पर्यटन मानचित्र पर चमक रही है।

जनचैपाल कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष छात्रसंघ राजमणि सिंह, बीकापुर ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा नीरज श्रीवास्तव भानु प्रताप पांडे, अशोक पांडे, अमरनाथ शुक्ला, ओमप्रकाश तिवारी, अशोक पांडे, पप्पू शुक्ला, कृष्ण केवल मिश्रा, शत्रुघ्न पांडे, राजेश पांडे, विशेश्वर नाथ दुबे, भैरवनाथ तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, सुरेंद्र गिरी बाबा, राजकुमार तिवारी, निर्मल चैहान चट्टानु यादव, प्रहलाद प्रसाद यादव, विनोद शुक्ला, विनोद गोस्वामी, जोखन गोस्वामी, लालजी तिवारी रिंकू श्रीवास्तव अंशुमान सिंह सनी सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## ठेकेदार के अपहरण की झूठी शिकायत पर घंटों हलाकान रही पुलिस

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायत नगर पुलिस अपहरण की शिकायत को लेकर घंटों हलकान रही। हालांकि पुलिस की तत्परता के बाद शिकायत झूठी साबित हुई। बता दें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के कुचेरा बाजार से एक कंपनी के ठेकेदार को कुछ लोगों द्वारा अपहरण किए जाने की शिकायत को लेकर पुलिस घंटों हलकान रही। हालांकि अपहरण की घटना को लेकर पुलिस मामले में तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में घटना का पदार्फाश कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम एनसीसीएल कंपनी के कर्मी सचिन निवासी बरौली थाना भोगांव मैनपुरी द्वारा डायल 112 पीआरवी पुलिस को कंपनी के ठेकेदार पुष्पेंद्र कुमार को कुछ लोगों द्वारा अपहरण किए जाने की जानकारी दी गई। जिसके बाद इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय ने मामले में तत्परता दिखाते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया था। घटना के कुछ ही घंटों में पुलिस ने ठेकेदार पुष्पेंद्र कुमार को बस्ती के कोतवाली नगर से बरामद कर लिया । प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पाण्डेय ने बताया कि मैनपुरी की एनसीसी कंपनी में पुष्पेंद्र कुमार ठेकेदारी करता था बाद में वह उसे छोड़कर एनसीसीएल कंपनी में ठेकेदारी करने लगा। जिसके बाद एनसीसीएल कंपनी में अपने भाई पंकज कुमार को सीनियर इंजीनियर के पद पर नियुक्ति कराई थी। 10 दिन पूर्व उनका भाई कंपनी में काम करना छोड़ दिया था। एनसीसीएल कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अजय यादव व भाई पंकज कुमार के बीच पैसे के लेन-देन का मामला चल रहा था। जिसे लेकर एनसीसीएल कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अजय यादव पुष्पेंद्र कुमार से मिलने कुचेरा बाजार आए और गोदाम दिखाने को कहकर अपनी कार पर बैठाकर बस्ती अपने गोदाम पर लेकर चले गए।जिसके बाद एनसीसीएल कंपनी कर्मी द्वारा अपहरण किए जाने की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मामले में तत्परता दिखाते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर अजय यादव तथा पुष्पेंद्र कुमार को बस्ती नगर कोतवाली से इनायत नगर थाने ले आए। पूछताछ के बाद मामला पैसे के लेन-देन का निकला, अपहरण की घटना झूठी साबित हुई। प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय लाए हुए अन्य लोगों को लिखा पढ़ी करते हुए सुपुर्दगी की।

- पुलिस की पूछताछ में मामला पैसे के लेन-देन का निकला व अपहरण की बात झूठी निकली

## आर आई ने कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ



**बाराबंकी।** उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय प्रागंण मे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने अधिकारियो/कर्मचारियो को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी। कार्यक्रम मे आर0आई श्री यादव ने अधिकारी-कर्मचारियों को देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधान सहायक श्यामल गागुंली, गायत्री देवी, वरिष्ठ सहायक रामकिशोर मौर्या, निलेश सिंह, श्रवण सिंह, ममता यादव, मोहिता अग्रवाल, कनिष्ठ सहायक रोहित शुक्ला, अंकिता, अपर्णा मौर्या, डी0बी0ए रितेश रंजन, रुद्र, महेन्दर, शिवबरन आदि मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक 29 को

**बहराइच ।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 29 जनवरी 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

## चिकित्सकों ने मरीजों को बांटे फल



**बाराबंकी।** जिला अस्पताल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वी0पी सिंह की अध्यक्षता मे उत्तर प्रदेश दिवस पर आज शनिवार को फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे सीएमएस श्री सिंह, अधीक्षक डा0 राजेश कुशवाहा, डा0 वीरेन्द्र सिंह, डा0 मुदीत मेहरोत्रा, अस्पताल मैनेजर राजकुमार वर्मा द्वारा ट्रामा सेन्टर, ओपीडी मे भर्ती मरीजो मे फल वितरण किया। फल वितरण के दौरान मरीजों के जल्द सेहतमंद होने की प्रार्थना भी की गई। साथ ही चिकित्सको की टीम ने अस्पताल की महिला मरीजों से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

## अस्थायी बस अड्डा का निरीक्षण



**बाराबंकी।** महाकुम्भ-2025 हेतु श्रद्धालुओ के लिए सुगम, सुरक्षित यात्रा हेतु बनाये गये अस्थायी बस अड्डा का सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या विश्वजीत सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने संयुक्त रुप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरटीओ अयोध्या श्री सिंह ने पार्किंग स्थल, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, बसों की पर्याप्त पार्किंग, अस्थायी बस अड्डे को शहर से जोड़ने के लिए आटो रिक्शा समेत अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आरटीओ ने बस आपरेटरो को श्रद्धालुओ से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। जंहा बस आपरेटरो द्वारा आरटीओ अयोध्या को श्रद्धालुओं हेतु 25 बसों को बुक किये जाने की जानकारी दी गई। इस मौके पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

- श्रद्धालुओं के लिए 25 बसों को किया गया बुक

# केंद्र व प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में किया अभूतपूर्व कार्य: स्वतंत्र देव सिंह



**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के शिक्षाविदों से संवाद कार्यक्रम द रामायना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विद्यालयों प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार संवेदनशील है। इसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है।

देश में नई आईआईटी, आईआईएम स्थापित करने से लेकर प्राथमिक स्तर की शिक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार किए है। जिससे शिक्षा को अधिक समावेशी, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की विकास योजना से बिना भेदभाव सभी पात्रों को लाभान्वित किया गया है। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार तथा अपराध पर जीरो टारलेंस नीति पर कार्य कर रही है।कार्यक्रम आयोजक प्रदेश मंत्री डा. ममता पाण्डेय ने कहा शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। किसी देश का भविष्य वहां के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रदत्त शिक्षा पर निर्भर करता है।

सरकार ने शिक्षा प्रणाली में सुधार पर विशेष ध्यान दिया है। छात्रों को 21 वीं सदी के लिए तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढाओ के दृष्टिकोण को साकार किया गया है। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार की नीतियों सफल क्रियान्वयन के बाद अब विपक्ष के पास कोई मुद्दा बचा ही नहीं है। विपक्ष गुमराह करने की नीति पर उतारु है। परन्तु सरकार के प्रति आम जनता उत्साहित है। समाज का हर वर्ग का जुड़ाव भाजपा के साथ है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, माध्यमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के सुनील श्रीवास्तव, अजीत सिंह, सत्य प्रकाश तिवारी,केके श्रीवास्तव, आशा देवी बालिका इंटर कॉलेज पीठला के प्रबंधक शाहिद सहित बड़ी संख्या में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए लोग उपस्थित रहे।

## निजी वाहन का व्यावसायिक इस्तेमाल करने वाले 3 वाहन सीज, 45 का चालान



**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत प्रवर्तन टीम द्वारा ओवरलोडिंग, फिटनेस, हेलमेट-सीटबेल्ट, राग साइड़ के विरुद्ध वृहद स्तर पर अभियान चलाया। इस दौरान निजी वाहन का व्यवसायिक उपयोग करने वाले 3 वाहनो को सीज किया गया। आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला की टीम ने पल्हरी चैराहा, चैपुला के पास बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, माडिफाइड सिलेन्सर के 15 वाहनो के चालान किये। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने लखनऊ-बाराबंकी स्थित निजी वाहन का व्यवसायिक उपयोग करने वाले 3 वाहनो को मोहम्मपुर चैकी मे बंद किया। तथा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट मे 30 वाहनो का चालान किया। अभियान के दौरान प्रवर्तन टीमो ने वाहन चालको से रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन करने की अपील भी की।

## पीडीए यानी पिछड़ा, दलित,अल्पसंख्यक सपा का महज एक ढकोसला: वसीम राईन



**बाराबंकी।** पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक समाजवादी पार्टी का महज एक ढकोसला है। हाल ही में जारी लोकसभा में एक भी पसमांदा मुस्लिम को टिकट नहीं दिया। इसे साबित भी कर दिया। सपा मुखिया ने अपने इरादे भी सामने रख दिये कि उनकी कथनी करनी में अब तक कोई फर्क नही आया है वह बस बेवकूफ बनाकर वोट तलाशने का ढोंग रच रहे हैं। उक्त बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने आगे कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव एक बार फिर उपचुनाव से पहले झूठ के सहारे डूबती नैया पार लगाने के प्रयास में हैं। वह हमेशा एक नये प्रयोग के जरिये वोट बटोरने चुनाव से पहले हाजिरी दर्ज कराते आये हैं। इस बार उनका नया शिगूफा पीडीए है। इस लिहाज से उनके इरादे पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक के लिए नेक होने चाहिए थे पर यह सोची समझी चाल है।

उन्होने कहा कि सामाजिक असुंतलन या कहा जाए पीडीए की सोच रखने वाले अखिलेश का असली चेहरा सामने आ गया है। पसमांदा का कहीं नाम निशान नही है। जातिवाद परिवारवाद व चहेतों को उपकृत करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है सपा की यही पहचान रही है वरना बार बार हार का स्वाद चखने के बाद मानसिकता में थोड़ा फर्क जरूर आता। इस तरह साबित हो जाता है कि पीडीए की सोंच महज एक ढकोसला ही है बस और कुछ नही। अखिलेश यादव एक बार फिर सुनहरे सपने दिखाकर वोट हासिल करने के फेर में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन उनकी कुटिल चाल व चरित्र को बखूबी जानते व समझते हैं और वह उनके बहकावे में नही आने वाले। जनता उन्हें दोबारा मौका नही देने वाली पसमांदा मुसलमान भी अब जागरूक है, सत्ता में लाकर भी सदन, संगठन व सत्ता में सहभागिता से महरूम रहने वाला पसमांदा समाज इनकी नीति न नीयत को बेहतर समझ चुका है। दलितों का सबसे ज्यादा नुकसान सपा सरकार में हुआ दलित समाज ये भूल नहीं सकता हैं।

- उपचुनाव से पहले झूठ के सहारे डूबती नैया पार लगाने के प्रयास अखिलेश यादव
- पसमांदा समाज सपा की नीति न नीयत को बेहतर समझ चुका

## डीएम और एसपी ने थाना रिसिया और मटेरा में समाधान दिवस का लिया जायजा




**बहराइच ।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने थाना रिसिया व मटेरा का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए। थाना रिसिया के निरीक्षण के दौरान फरियादियों की संख्या कम होने पर बताया गया कि नवीन भवन आबादी से दूर होने के कारण फरियादियों की संख्या कम है। इस सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि दोनों स्थानों पर जनसुनवाई की व्यवस्था की जाय ताकि कोई भी फरियादी वंचित न रहने पाये।

डीएम ने थानाध्यक्ष रिसिया को निर्देश दिया कि थाना भवन के आसपास स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व आश्रम पद्धति स्कूल में महिला आरक्षियों के साथ जाकर बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहें। स्कूलों में पिंक पेटी भी लगवा दें ताकि किसी बालिका की कोई समस्या हो तो अवगत करा सके। थाना मटेरा के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने जन समस्याओं की सुनवाई की तथा नवीन भवन के निर्माण के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यदायी लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाय। थानों के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि डी.जे. संचालकों की सूची व मोबाइल नम्बर थाना पर संरक्षित किया जाय।


थाना से सम्बन्धित समस्त पंजिकाओं को अद्यतन रखने के साथ-साथ आईजीआरएस अन्तर्गत प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का समयबद्धता के साथ निस्तारण कराएं। थाना समाधान दिवस में मौजूद लेखपालों से डीएम व एसपी ने पैमाइश, सीमा स्तंभ लगने सम्बन्धी कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## डीजीपी के हाथों से प्रशंसा चिन्ह सिल्वर से सम्मानित होंगे एसपी



**बहराइच ।** गणतन्त्र दिवस-2025 के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा पुलिस अधीक्षक बहराइच राम नयन सिंह को शौर्य के आधार पर प्रशंसा चिन्ह सिल्वर से सम्मानित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा सेवा अभिलेखों एवं शौर्य के आधार पर ह्यह्यउत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्हह्लह्ल एवं ह्यह्यसराहनीय सेवा सम्मान चिन्हह्लह्ल तथा सेवा अभिलेख एवं शौर्य के आधार पर प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया जाता है।

## धर्मजागरण धाम संस्था संयोजक ने मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजा ज्ञापन



**बाराबंकी।** मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को संबोधित ज्ञापन धर्मजागरण बाराबंकी धाम संस्था संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे धर्मसेवको ने जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी को सौपा। ज्ञापन मे भारत निर्वाचन आयोग इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में छेड़छाड़ कर वोट परिवर्तन करने हेतु एक निश्चित स्थान पर एक दिन रखे जिसमें यदि कोई छेड़छाड़ कर दी जाती है तो ऐसा करने वाले व्यक्ति को दस हजार का इनाम भारत निर्वाचन आयोग दे। जिसका भुगतान धर्मजागरण संयोजक द्वारा किये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र यादव, नरेंद्र त्रिपाठी, जगन्नाथ मिश्र, शैलेंद्र सिंह, वरुण मिश्र, इंद्रजीत गौतम, राकेश रावत, राजेश मिश्र, राकेश कुमार यादव, संजीव तिवारी, रमेश वर्मा मौजूद रहे।

## सीपीएम ने सपा को समर्थन करने का लिया निर्णय

**अयोध्या।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी की बैठक प्रेस क्लब अयोध्या में की गई। बैठक की अध्यक्षता काशीराम यादव ने की तथा कॉमरेड बाबूराम यादव सदस्य सचिव मंडल के निर्देशन में संपन्न हुई बैठक में जनता की ज्वलंत समस्याओं जैसे बिजली निजीकरण का सवाल, बिगड़ती कानून व्यवस्था, कृषि संकट एवं आवारा पशुओं का कृषि पर आतंक आदि पर विचार विमर्श किया गया और स्वास्थ्य शिक्षा एवं रोजगार के सवाल पर भी चर्चा किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय सचिव मंडल के सदस्य कामरेड बाबूराम यादव ने कहा की मिल्कीपुर चुनाव में सांप्रदायिकता वादी भारतीय जनता पार्टी को हर कीमत पर हराने की आवश्यकता है।

## टीआरसी लॉ कॉलेज के छात्रों ने निकाली जन-जागरूकता रैली



**सतरिख,बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मोहल्ला गढ़ी प्रथम, कायस्थाना, सतरिख बाजार में वोट जैसा कुछ भी नहीं वोट जरूर डालेंगे हम को सार्थक बनाये जाने हेतु मतदाता जन-जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। लोकतंत्र के इस सबसे बडे पर्व में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने, महिलाओं मे मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदाताओं के मतदान प्रतिशत में वृद्धि किए जाने के लक्ष्य की प्राप्ति और नव विवाहित महिला मतदाताओं को अपने मतदाता पहचान-पत्र को संशोधित कराये जाने के लिये प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान में जान लो, जान लो, देश की हालत जान लो, देश में होती वोटिंग कैसे, आँखो से पहचान लो, आपका वोट आपकी ताकत दोनो बनें देश की ताकत, नारा लगाते हुए लोगों को अपने मतदान के महत्व को समझाया और भविष्य में मतदान का प्रयोग अवश्य करें, के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के विधिक सहायता प्रकोष्ठ संयोजक डा0 मंजय कुमार यादव, नवीन सिंह, अमजद अंसारी, धर्मेन्द्र कुमार, नेहा अवस्थी, डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, क्रीड़ा समन्वयक अंकित मिश्रा, खेल प्रशिक्षक शिवम शर्मा मौजूद रहे।

- विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मतदान के लिए किया प्रेरित

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए डीएम के हाथों सम्मानित हुए बीएलओ और सुपरवाइजर



**बहराइच ।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा बेस्ट इलेक्ट्रोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024 अन्तर्गत बेस्ट बी.एल.ओ. अवार्ड हेतु जिले से चयनित 02 बूथ लेबिल अधिकारियों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से प्रशस्ति-पत्र व मोमेन्टों भेंट कर सम्मानित किया। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा के मतदेय स्थल 84-प्रा.वि. लौकहिया के बीएलओ सहा.अ. अवध किशोर व 133-कम्पोजिट विद्यालय मनगौढ़िया खास के बीएलओ सहा.अ. कय्यूम अंसारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए बेस्ट बी.एल.ओ. अवार्ड हेतु चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में संचालित पुनरीक्षण अभियान में 18-19 वर्ष आयु वर्ग में सर्वाधिक मतदाताओं का नामांकन, सर्वाधिक महिलाओं का नामांकन, जेण्डर रेशियों व ई.पी. रेशियों में सर्वाधिक सुधार तथा सर्वाधिक दिव्यांग मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 284 के 05 सुपरवाईजर व 10 बीएलओ तथा 286 बहराइच के 05 सुपरवाईजर व 13 बी.एल.ओ. को भी प्रशस्ति-पत्र व मोमेन्टों भेंट कर सम्मानित किया किया।

सम्मान समारोह में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के सर्वाधिक नाम शामिल करने हेतु मटेरा क्षेत्र के सुपरवाईजर ग्राम पंचायत अधि. महेश कुमार मिश्र, बीएलओ शि.मि. सिराज अहमद व शि.अनु. सदानन्द यादव तथा बहराइच क्षेत्र की सुपरवाईजर श्रीमती पल्लवी, बीएलओ आ.बा.कार्य. श्रीमती तारा देवी, सबा कौसर व शकीला, सर्वाधिक महिलाओं का नाम सम्मिलित करने हेतु मटेरा क्षेत्र के सुपरवाईजर सहा.अ. श्रीनिवास, बीएलओ आ.बा.कार्य. सुषमा पासवान व शि.मि. इन्द्रपरी तथा बहराइच क्षेत्र के सुपरवाईजर नीरज त्रिपाठी, बीएलओ लिपिक अरविन्द कुमार, आ.बा.कार्य. श्रीमती शमा परवीन व शमा खानम को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जेण्डर रेशियों में सुधार के लिए मटेरा क्षेत्र के सुपरवाईजर ग्रा.वि.अधि. इन्द्रसेन, बीएलओ सहा.अ. आनन्द शंकर चैबे व ग्रा.रो.से. पेशकार मौर्या तथा बहराइच क्षेत्र के सुपरवाईजर अतुल कुमार त्रिपाठी, बीएलओ आ.बा.कार्य. ममता मिश्रा व अनुराधा गौड़ तथा शि.मि. राम शरण मौर्य, ई.पी. रेशियो सुधार के लिए मटेरा क्षेत्र की सुपरवाईजर लेखपाल श्रीमती दीपिका पाण्डेय, बीएलओ सहा.अ. मुनेश व कृष्ण गोपाल, बहराइच क्षेत्र के सुपरवाईजर लेखपाल सौरभ त्रिपाठी, बीएलओ सहा.अ. शिव सागर व श्याम बहादुर तथा ग्रा.रो.से. महेन्द्र प्रताप जायसवाल तथा सर्वाधिक दिव्यांग मतदाताओं को शामिल करने के लिए मटेरा क्षेत्र के सुपरवाईजर लेखपाल अवनीश त्रिपाठी, बीएलओ शि.मि. शिवनाथ वर्मा व सहा.अ. दीपेश कुमार तिवारी तथा बहराइच क्षेत्र के सुपरवाईजर आशुतोष प्रताप सिंह व बीएलओ पम्प आपरेटर ध्रुवराज सिंह को सम्मानित किया गया। डीएम ने कहा कि सुपर वाइजर्स एवं बीएलओ के सहयोग के बगैर त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार किया जाना संभव नही है।

- 02 बी.एल.ओ. को मिला बेस्ट इलेक्ट्रोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024

संक्षेप

## दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत तीन पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर नमाजगढ़ की राम केवल की पुत्री उषा की शादी जौनपुर जिले के सरपतहा थाने के पिपरौल गांव के बब्बन के पुत्र अनिल कुमार के साथ 19 मई 2022 को हुई थी। शादी के बाद लड़की के ससुराल पहुंचने पर ससुरारीजन कम दहेज देने का ताना मार रहे थे। आरोप है कि पति अनिल कुमार दहेज में पचास हजार रुपए मांग रहे थे। न देने पर बीते 21 जनवरी को रात लगभग 10:00 बजे पति एवम देवर तथा सांस ने घर के अंदर बंद कर मारा पीटा और जेवर व कपड़े लेकर घर से बाहर निकाल दिया। बीते शुक्रवार को पीड़िता की दी गई तहरीर पर पुलिस ने पति अनिल कुमार, देवर सुनील कुमार एवम सांस दुर्गावती के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है।

## मौत के मामले में पुत्र ने अज्ञात बाइक चालक पर दर्ज कराया केस

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रमाशंकर की मौत हो जाने पर उनके पुत्र ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के नरायनपारा गांव के रमाशंकर मौर्य (55) बीते 22 जनवरी को विक्की से सूरापुर की तरफ से अपने घर आ रहे थे। नेवादा मोड़ के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र रामकेश मौर्य की तहरीर पर बीते शुक्रवार को अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## छात्र-छात्राओं ने निकाली राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता रैली

**कादीपुर, सुलतानपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नेशनल इण्टर कालेज एवं राजकीय बालिका इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली निकाली। शनिवार को रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर कादीपुर एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम, बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्र सहित अनेक अधिकारियों ने मतदाता शपथ दिलाई। एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी ने शपथ में कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर नेशनल इण्टर कालेज कादीपुर के प्रवक्ता अजय बहादुर सिंह, प्रमोद कुमार, राजकीय कन्या इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दिवाकर वर्मा, बृजभान शुक्ल, शिव प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा से ही समाज में संस्कार की परंपरा का निर्माण होता है : अदिति सिंह

## निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी व टैब-लैब का किया लोकार्पण




**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी व टैब-लैब का लोकार्पण किया । मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अन्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु राजकीय इण्टर कॉलेज रायबरेली में संचालित निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र में सदर विधायक अदिति सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण केन्द्र में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी एवं टैब-लैब की स्थापना से छात्रों को आधुनिक तकनीक और सुविधाओं का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपनी शिक्षा में सुधार कर सकेगें।

उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज में संस्कार की परंपरा का निर्माण होता है और आधुनिक शिक्षा से छात्रों में विश्वास के साथ उनके जीवन में आगे बढ़ने की क्षमता बलवती होती है । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के साथ ही छात्रों को बेहतर शिक्षा देने की नीति बनी है जिससे छात्रों का उत्तरोत्तर विकास हो रहा है । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत छात्रों को निःशुलक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिसमे आईएएस, आई.पी.एस., पी.सी.एस., जे.ई.ई., नीट, सी.डी.एस., एन.डी.ए. आदि जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शामिल है, इसके अलावा छात्रों को ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल, प्रश्न बैंक और अन्य सुविधायें भी प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश चन्द्र मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## सदर विधायक ने गरीबों को बांटे कंबल

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने अमावां ब्लॉक के रसेहता, पिंडारी खुर्द और दुसौती गांव में लगभग 1000 कम्बल वितरित किए। उन्होंने इसके दृष्टिगत दिव्यांगजनों, निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों व जरुरतमंदों को कंबल वितरण दौरान कहा कि आम जनमानस की सेवा ही परम कल्याणकारी सेवा है। उन्होंने कहा कि जीवन का लक्ष्य दूसरों का हित करके पुण्य लाभ अर्जित करना है जिससे लोक पर लोक दोनों में यश और कीर्ति की प्राप्ति हो सके। उन्होंने उपस्थित जनता जनार्दन का कुशलक्षेम जाना। शहर क्षेत्र के मुंशीगंज में भीम नगर, कोरियन टोला और नई बस्ती में लगभग 300 कम्बल सदर विधायक द्वारा वितरित किया गया। ठंड के दृष्टिगत दिव्यांग जनों, निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों व जरुरतमंदों को वितरित किया और उपस्थित जनताए के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शहर क्षेत्र के ज्योतिबा नगर मोहल्ले के समाजसेवी कार्यकर्ता स्व. रवि सोनकर के तेरहवीं कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलायी मतदाता शपथ

**रायबरेली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में उद्बोधन एवं गीत की प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले स्कूल के बच्चों को प्रमाण पत्र, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर व बीएलओ को प्रशस्ति पत्र, दिव्यांग मतदाताओं, रंगोली प्रतियोगिता मतदाता दिवस के विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा नये युवा मतदाता को वोटर ईपिक कार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी को देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। क्योंकि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुयी थी।

## आरसेटी के तहत बीसी सखियों को दी जा रही रिफ्रेशर ट्रेनिंग



**अमेठी।** जिले के बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र गौरीगंज द्वारा जिले के ग्राम सभा में कार्यरत बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग (पुनर्श्चर्या प्रशिक्षण) दिया जा रहा है। यह ट्रेनिंग जिले के आईटीआई कालेज गौरीगंज में दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आरसेटी के प्रभारी अनिल कुमार व प्रकाश जायसवाल और सी.एस.सी ई गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक बैंकिंग पवन शर्मा द्वारा दिया जा रहा है। साथ ही बीसी सखी के साथ सी.एस.सी ई गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक बैंकिंग पवन शर्मा द्वारा और सर्वेश कुमार, व अभिषेक कुमार द्वारा ट्रांजेक्शन को बढ़ाने के साथ अन्य योजनाओं को विस्तार से हर खाताधारकों तक पहुंचाने के गुण बताया। साथ ही साथ समस्त बीसी सखी अपने क्षेत्र के समस्त व्यक्तियों को बैंक से जोड़े और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा, अटल पेंशन योजना के लाभ से जोड़े। आज जिले के मुसाफिरखाना तहसील के 3 विकास खंड जगदीशपुर, शुकुल बाजार व मुसाफिरखाना में कार्यरत बीसी सखियों को प्रशिक्षण दिया गया। आज 105 बी सी उपस्थित होकर पहले 2 दिन का प्रशिक्षण लिया। इस अवसर डीसी एनआरएलएम प्रवीण शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जा रही है। इस ट्रेनिंग से व्यक्ति की स्मृति ताजा होती है और उस विषय पर ज्ञान बढ़ता है। उन्होंने बताया कि आज तृतीय बैच पूर्ण हुआ है जिसमें मुसाफिरखाना तहसील के जगदीशपुर, शुकुल बाजार व मुसाफिरखाना की बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जा रही है।

## कोटे की दुकान की हुई जांच, कार्यवाही शून्य अन्य विभाग से जांच करवाने की उठी मांग

**गौरीगंज, अमेठी।** प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार जहां राशन की घटतोली को रोकने के लिए ईपास मशीन लागू तो जरूर कर दिया है लेकिन कोटेदार घटतौली करने से बाज नहीं आ रहें हैं शिकायत व जाँच के बाद भी अधिकारी खाऊ कमाऊ नीति के चलते कार्यवाही करने से बचते है। नया मामला मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड जगदीशपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा सिरयारी का है। जहां ग्रामीण शबाना बानों, हीना बानों, मो. मुस्लिम, शहर बानों आदि लोगों ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम सभा की कोटेदार मंजू पत्नी श्याम बिहारी है लेकिन खाद्यान्न का वितरण सोहेल अहमद पुत्र अमीन के द्वारा किया जाता है। इनके द्वारा राशन की घटतौली की जाती है लोगो को दो यूनिट कम राशन दिया जाता है कुछ बोलने पर राशनकार्ड कटवाने की भी धमकी देते हैं। एक माह पूर्व ग्रामीणों ने राशन घटतौली की शिकायत किया था जिसकी जांच सप्लाई इंस्पेक्टर मुसाफिरखाना के द्वारा की गई लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति मे मामला अटकाया जा रहा। जबकि ग्रामीणों ने सप्लाई इंस्पेक्टर को बयान व साक्ष्य भी उपलब्ध करवाया था। ग्रामीणो ने डीएम को भी शिकायती पत्र में राशन की घटतौली व अभद्रता किये जाने पर कार्रवाई की मांग किया था पीड़ित ग्रामीण तहसील से लेकर जिला तक चक्कर लगा रहे है ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लेकर जिला के अधिकारी को मामले की जाँच अन्य विभाग से किये जाने की मांग की है

## दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** नेहरू युवा केंद्र की तरफ से दो दिवसीय खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को शाहपुर लपटा खेलमैदान में किया गया। इसमें लड़कों की 100 व 1600 मीटर की दौड़, वालीबॉल, कुश्ती व लड़कियों की 200 मीटर की दौड़, कबड्डी, 500 मीटर साइकिल रेस की स्पधाएं कराई गई। नेहरू युवा केन्द्र सुलतानपुर के तत्वावधान में शनिवार को शाहपुर लपटा खेल मैदान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ में अबिनाश प्रथम, अनीश द्वितीय व प्रिंस तृतीय स्थान पर रहा। 200 मीटर दौड़ में लड़कियों में प्रथम महिमा गुप्ता, सुषमा चैहान द्वितीय व रोशनी चैहान तृतीय स्थान पर रही। वहीं, लड़कों की 1600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर अमन चैबे, द्वितीय स्थान पर चंचल व तृतीय स्थान पर मोहित, लड़कियों में साइकिल रेस में प्रथम सोनाली, द्वितीय कामिनी पाण्डेय और तृतीय विनीता निषाद रही। इसी तरह से वॉलीबॉल में प्रथम स्थान पर गोरसरी व द्वितीय स्थान पर राममिलन मिश्र इंटर कॉलेज की टीम रही। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अंकित मिश्र ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को किट, ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान माँ शारदा इंटर कॉलेज के प्रबंधक चंद्रभानु मिश्र, प्रधान जयप्रकाश यादव, आदित्य तिवारी, रमेश शुक्ल, फूलराज सिंह, अनिल दुबे आदि मौजूद रहे।

# एसजेएस लालगंज में किडोस पैरेंट्स फिएस्टा का हुआ भव्य आयोजन

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के अग्रणी व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बच्चों के साथ अभिभावकों की अनूठी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के साथ अभिभावक खेल के मैदान में उतरे तो उनके बचपन की यादें ताजा हो गईं। इस दौरान उनका उत्साह देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त गुब्बारे उड़ाते हुए मशाल जलाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में प्ले-ग्रुप से कक्षा दो तक के बच्चों व उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अंब्रेला रेस, पेस्ट्री रेस, हैंड कप और नेकलेस रेस, ड्रेस अप रेस, जलेबी रेस तथा सुई धागा रेस सहित एक दर्जन से अधिक खेलों का आयोजन किया गया।



इन सभी खेलों में बच्चों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सभी खेलों में महिला अभिभावकों ने पुरुष अभिभावकों से ज्यादा पदक और उपहार प्राप्त किये। कार्यक्रम के इस अवसर पर समूचा विद्यालय प्रांगण नए उल्लास व करतल ध्वनि से गुंजायमान रहा। इस अनूठे आयोजन में अभिभावक सभी प्रकार के तनाव और चिंताओं से मुक्त अपने बच्चों संग खेलते नजर आए। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबन्ध-समिति से प्रत्येक वर्ष ऐसे ही रोचक आयोजन कराने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ गगनदीप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. संजीव कुमार सिंह व अंजलि सिंह ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बौद्धिक विकास व शारीरिक विकास को एक दूसरे का पूरक बताया। मुख्य अतिथि बीडीओ गगनदीप सिंह, विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह, सह-प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह, प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने सभी विजेता बच्चों और उनके अभिभावकों को पदक और उपहार देकर सम्मानित किया।

## जनपद में पूर्ण गरिमा और हर्षोल्लास से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि जनपद में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पूर्ण गरिमा एवं हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 8:30 बजे कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान की प्रस्तावना एवं उससे सम्बन्धित इतिहास पर प्रकाश डाला जायेगा। जिसके उपरान्त प्रातः 08:30 बजे सभी सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्यालयों में झण्डारोहण के साथ ही राष्ट्रगान आयोजित होगा। प्रातः 10:00 बजे से समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कतव्यों का पाठन, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता धर्म निरपेक्षता, साम्प्रदायिक सौहार्द, साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा साथ ही डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम अमेठी में 5 किमी बालक/बालिका वर्ग साइकिल रेस का आयोजन प्रातः 10:00 से किया जायेगा व समस्त नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत व मलिन बस्तियों में सामूहिक सफाई का अभियान आयोजित होगा।

## मतदाता दिवस पर डीएम ने अधिकारियों को दिलाई शपथ



**सुलतानपुर (वीओएल)।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। ह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्ल थीम के साथ आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार हर्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई।

इसके बाद जिलाधिकारी ने केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज, सुलतानपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में युवाओं ने मतदान के महत्व को रेखांकित करते हुए जनता को जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि

- जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए युवाओं का सक्रिय योगदान आवश्यक है। उन्होंने युवा और भावी मतदाताओं से अपील की कि वे न केवल मतदान करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लोकतंत्र की नींव को और सशक्त बनाते हैं।

जिले की सभी तहसीलों, कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला, एडीएम (वि/रा) एस. सुधाकरन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा, मुख्य राजस्व अधिकारी बाबू राम, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला सूचना अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## एटीएस ने संदिग्ध युवक को किया गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** एटीएस अयोध्या यूनिट में कोतवाली क्षेत्र के तवाककलपुर नगरा से पंजाब प्रांत के फाजिल्का जिले के रहने वाले एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। बीते शुक्रवार की रात एटीएस अयोध्या यूनिट के निरीक्षक दिनेश कुमार पांडे ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर तवाककलपुर नगरा से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम मान सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह निवासी अरनी वाला शेख सुभान जिला फाजिल्का पंजाब बताया। निरीक्षक की दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने युवक के विरुद्ध कूट रचित दस्तावेज तैयार करने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया। तहरीर के अनुसार युवक ने तवकलपुर नगरा के पते पर आधार कार्ड, निर्वाचन कार्ड एवं निवास कार्ड बनवाया है तथा आजमगढ़ जिले के बूधनपुर ब्लॉक के सरैया गांव से जन्म प्रमाण पत्र बनवाया है। जिसके आधार पर बैंक आफ बडौदा सूरापुर की शाखा में अपना बैंक खाता खुलवाया है। युवक विदेश जाने के लिए पासपोर्ट बनवाने के का भी प्रार्थना पत्र ऑनलाइन किया है। गिरफ्तारी के बाद एटीएस ने उसके पास से दो मोबाइल सेट एवं सिम तथा 900 नगद एवं फर्जी दस्तावेज बरामद किया है। क्षेत्र वासियों के अनुसार यह युवक कोरोना कार्यकाल में 2019 में आया था। कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव की युवती रेशमा के साथ उसकी 2019 में शादी भी हुई है। जो मानसिंह के साथ ही विजय वर्मा के मकान में किराए पर कमरा लेकर रहता है। क्षेत्र वासियों के अनुसार यह पंजाबी ठेला वाले के नाम से जाना जाता है। यह ठेले से गिट्टी मोरंग धोने का कार्य करता है। कुछ दुकानों में झाडू लगाने का कार्य करता है। यह काफी मृदभाषी है। यह आजमगढ़, सुलतानपुर एवं पंजाबी भाषा में बात करता है। बचपन में ही इसके पिता गुरबख्श सिंह एवं माता का निधन हो गया था। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार मानसिंह को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से जेल भेज दिया गया।

## मतदाता दिवस पर बच्चों को किया गया सम्मानित



**महराजगंज, रायबरेली।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महराजगंज कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित मेला परिसर से एक विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें उपस्थित हजारों की संख्या में बच्चों ने कस्बे के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए अनेक प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा जागरूक किया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कस्बे के हनुमानगढ़ी स्थित मेला प्रांगण में उप जिलाधिकारी सचिन यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व राजा चंद्र चूड़ सिंह विद्यापीठ इंटर कॉलेज जीजीआईसी के हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया मतदाता दिवस पर भाषण व जन जागरूकता के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अनेक प्रकार की प्रस्तुतियां पेश की तथा छात्र व छात्राओं द्वारा अनेक प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का भरसक प्रयास भी किया गया। वहीं लगभग एक दर्जन छात्र व छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उपजिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, अधिशासी अधिकारी राम आशीष व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। वहीं विकासखंड परिसर में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को मिष्ठान व जलपान कराकर कार्यक्रम का समापन उप जिलाधिकारी सचिन यादव की मौजूदगी में हुआ।

## सविता समाज की सच्ची हितैषी सपा

**सुलतानपुर (वीओएल)।** एमडब्लूओ ने भारत रत्न, जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती पर अति पिछड़ा जगाओ महासम्मेलन का आयोजन किया, जिसमे सुलतानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़ आदि जनपद के नाई, सैन, सविता समाज ने भागेदारी की। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल रहे। नपा अध्यक्ष ने भारत रत्न कपूर्री ठाकुर का इतिहास बता कर भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।



कहा कि भारत सरकार ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न समाज का सम्मान बढ़ाया और लखनऊ से चलकर आए समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री गोंडा जनपद गौरा विधानसभा 301 से विधानसभा के प्रत्याशी रहे संजय विद्यार्थी ने भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी की जयंती पर बधाई देते युवाओं और समाज को राजनीतिक भागीदारी कैसे मिले ? इस पर अपना विचार व्यक्त किया और समाजवादी पार्टी नाई, सेन, सविता समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ खड़ी मिलेगी और समाज को उचित राजनैतिक भागेदारी देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा कपूर्री ठाकुर जी के जीवन चित्रण पर प्रकाश डालते हुए पिछड़ों का मसीहा बताया और उनके जीवनी से लोगो को आत्मसात करने की अपील और कैसे बिना संसाधन के कपूर्री ठाकुर एक बिहार जैसे प्रदेश के मुख्यमंत्री तक सफर किया और भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी के 101वी जयंती सुलतानपुर के तिकोनिया पार्क में उपस्थित जनसमूह का अभिवादन स्वीकार करते हुए देश वासियों को कपूर्री ठाकुर जी की जयंती पर बधाई दी।

# मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अमेठी।** भारत में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है भारत में जितने भी चुनाव होते हैं उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की होती है भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को हुआ था क्योंकि 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था और भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन जरूरी था इसलिए 25 जनवरी 1950



को निर्वाचन आयोग का गठन हुआ।

भारत सरकार ने वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की थी और 2011 से ही हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे कि देश की राजनीतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में आज भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद अमेठी में विविध जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता हेतु निकाली गई बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डीएम ने गुब्बारे व शांति प्रतीक कबूतर उड़ाया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभागार में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं, छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, मतदाता जागरूकता गीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया साथ ही मतदाता जागरूकता को लेकर वृहद रंगोली भी बनाई गई एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर जन सामान्य को आगे आने वाले सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया।

## मतदाता दिवस कार्यक्रम में छात्रों को किया जागरूक

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र को मजबूत करने में मतदाताओं की भूमिका और युवाओं की हिस्सेदारी के साथ वोट की शक्ति को प्रदर्शित करते हुए कृतिका यादव, जितिका पांडेय, विश्वास वर्मा, अनुराग, दिव्यांश, अंकिता, नव्या, आराध्या, अंजली आदि छात्रों ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की और भविष्य के नागरिक कर्तव्यों एवं मतदान के महत्व पर प्रेरक भाषण दिया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने सभी को लोकतान्त्रिक मूल्यों को बनाए रखने की शपथ दिलाई। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक बी एन त्रिवेदी ने बच्चों को बताया कि देश की जनता के लिए मतदान सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक है जो लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति के पास है। वोट देने का अधिकार जनता को यह नियंत्रित करने में मदद करता है कि कौन शासन करेगा और आप अपने देश में किस प्रकार के विकास और कल्याण की योजनाएं चाहते हैं।

संक्षेप

## दांतों से काट लिया पत्नी का होंठ, 16 टांके लगे

**आगरा।** मंडल के मथुरा जिले में एक हैवानियतभरा मामला सामने आया है. थाना मगोर्रा के गांव नगला भूचन में रहने वाली एक विवाहिता के होठों को उसके पति ने इतनी बुरी तरह से काटा कि उसके 16 टांके आए हैं. झगड़ा होने पर पति ने यह क्रूरता दिखाई. महिला बोल नहीं पा रही थी ऐसे में लिखकर उसने पति की हैवानियत बताई. पुलिस ने शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया है आरोप है कि घर में काम करने के दौरान पति से विवाद हो गया जिसके बाद पति ने दांतों से उसका होंठ काट लिया. बचाने आई बहन के साथ भी मारपीट की. बाद में मौके से पति भाग निकला. इसके अलावा सास और देवर ने भी मारपीट की. मेडिकल परीक्षण के बाद वह सादाबाद अपने मायके पहुंच गई जहां से पिता ने बेटी संग जाकर मुकदमा दर्ज कराया है

## दलित महिला को पीटने वाले गिरफ्तार हों

**आगरा।** तीन दिन पूर्व अछनेरा में दलित महिला के साथ की गई शर्मसार घटना उसे सरेआम रोड पर गिरा कर दबंग जाट समाज के लोगों ने चप्पलों से पीट-पीट कर बेहोश कर दिया। वीडियो वायरल होने पर अखिल भारतीय जाटव महासभा को जानकारी हुई तो सभी पदाधिकारी दलित महिला से मिलने उसके गांव पहुंचे और पीड़ित महिला से घटना की जानकारी ली गांव मेंदहशत में माहौल बना हुआ है लेकिन थाना पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। अखिल भारतीय जाटव महासभा के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया साथ ही ऐलान किया कि अगर दलित परिवार को 24 घंटे के अंदर सुरक्षा प्रदान नहीं की गईऔर इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले दबंग को गिरफ्तार कर जेल भेजा नहीं भेजा गया तो अखिल भारतीय जाटव महासभा 24 घंटे के उपरांत जिला मुख्यालय पर भूख हड़ताल शुरू कर देगी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार जाट व राष्ट्रीय संयोजक वीरेन्द्र जोनवार, राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर विजेंद्र अहिरवार, राष्ट्रीय सचिव राजेश खन्ना, सपना कुमारी, राज सिरोही, जितेंद्र पीपल, नंदकिशोर शास्त्री, जगमोहन वर्मा, आकाश राज, सोनी, राजेश गौतम, विक्की कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बांकेबिहारी मंदिर में दान दे सकेंगे विदेशी भक्त

मथुरा। अब विदेशी भक्त बांकेबिहारी मंदिर में खुलकर दान कर सकेंगे। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को केंद्र सरकार ने एफसीआरए लाईसेंस दे दिया है। मंदिर के संचालन के लिए कोर्ट द्वारा गठित प्रबंधन समिति ने इस लाइसेंस के लिए आवेदन दिया था। कोर्ट की मंजूरी के बाद इस आवेदन की प्रक्रिया पूरी की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत बांके बिहारी मंदिर को यह लाईसेंस दिया है, ताकि वह विदेशों से धन प्राप्त कर सकें। मंदिर का प्रबंधन वर्तमान में न्यायालय द्वारा किया जाता है। मंदिर संचालन के लिए कोर्ट द्वारा गठित प्रबंधन समिति के आवेदन के अनुसार मंदिर के खजाने में बहुत सारी विदेशी मुद्राएं हैं और वे आगे भी विदेशों से दान प्राप्त करने का इरादा रखते हैं। समिति ने इस लाइसेंस के लिए आवेदन दिया था। कोर्ट की मंजूरी के बाद इस आवेदन की प्रक्रिया पूरी की गई। कानून के अनुसार, विदेशी योगदान प्राप्त करने वाले सभी गैर सरकारी संगठनों को एफसीआरए के तहत पंजीकृत होना पड़ता है।

# अभाविप के नगर खेल कुंभ का हुआ समापन



**मथुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मथुरा जिला द्वारा शनिवार को बीएसए महाविद्यालय में नगर खेल कुंभ कार्यक्रम के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन 18 से 22 जनवरी तक खेल कुंभ के अंतर्गत हुए विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों व विजई टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है। मुख्य वक्ता ब्रज प्रांत सहमंत्री पुनीत कुमार ने कार्यकताओं को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में युवा देश का नाम रोशन करने की भावना से खेलों में प्रतिभाग करें। साथ ही कहा कि आज ओलंपिक खेलों में हमारे देश के खिलाड़ी पदक जीत कर देश के प्रतिनिधित्व को मजबूत कर रहे है। इसी क्रम में अभाविप द्वारा युवाओं की खेलों में भागीदारी सुनिश्चित कराने को देशभर में नगर खेल कुंभ का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जो विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीयता एवं सेवा भाव से जोड़ रहा है एवं युवाओं के अंदर राष्ट्रीय भावना जागृत करने का कार्य कर रहा है। अभाविप के पूर्व सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री राय सिंह ने कहा कि अभाविप युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अलग- अलग आयामों के माध्यम से उनको मंच देकर सम्मानित कर रहा है। जिला खेलो भारत संयोजक इंद्र सैनी ने बताया कि नगर खेल कुम्भ के अंतर्गत विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर मेडल प्रदान किए गए और सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट के सम्मुख अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष एस के राय, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य याषिनी दीक्षित, विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचैरी, विभाग सह संयोजक भूपेंद्र सिंह, जिला संयोजक राम कृष्ण गौतम, जिला सह संयोजक तेजस्वी बारोलिया, जिला एसएफडी संयोजक अमन शर्मा, वंशिता, छवि सिंह आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ललित मोहन शर्मा, संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन महानगर सह मंत्री अमन पांडे द्वारा किया गया।

## मुफ्त राशन योजना का लाभ उठाने वाले 11 हजार से अधिक राशन कार्ड निरस्त

**मथुरा।** गरीबों के राशन खाने वालों की आफ्त आ गयी। जनपद में ऐसे लोग है जो लाखों रुपये कमाते थे, लेकिन राशन मुफ्त का खाते थे। जिले में 11,849 लोग सरकार की मुफ्त राशन योजना का लाभ भी उठा रहे थे। अब आपूर्ति विभाग ने इनके राशन कार्ड निरस्त कर दिए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले में चार लाख 64 हजार 230 राशन कार्डधारक हैं। चार लाख 22 हजार 794 पात्र गृहस्थी योजना व 41 हजार 436 अंत्योदय योजना के तहत आते हैं। अंत्योदय कार्ड पर 35 किलो व गृहस्थी कार्ड पर पांच किलो खाद्यान्न दिया जाता है। यूं तो सरकार का उद्देश्य जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ देना था, लेकिन ऐसे भी लोग थे जिनकी जरूरतें लाखों रुपये कमाने के बाद भी पूरी नहीं हो रही थीं। वो अपनी लाखों की कमाई पर आयकर तो भरते थे लेकिन मुफ्त का राशन लेने में भी पीछे नहीं थे। आयकर विभाग द्वारा आपूर्ति विभाग को आयकरदाताओं की सूची भेजी गई। जिसका आपूर्ति विभाग ने राशन कार्डधारकों की सूची से मिलान किया तो ऐसे 11849 लोग सामने आए। आंकड़ा देख आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी चैंक गए। तत्काल इन लोगों के राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए। मालदार आसामियों के साथ आपूर्ति विभाग ने जमींदार किसानों को भी अपने लपेटे में लिया। मुफ्त राशन का लाभ ले रहे 178 ऐसे किसानों के कार्ड भी निरस्त किए गए हैं, जिनके पास दो हेक्टेयर से अधिक जमीन थी। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत सरकार को इन्होंने अपनी फसल बेची थी, जिसे ये मुफ्त राशन योजना के तहत सरकार से वापस लिए ले रहे थे। सरकारी खरीद के आंकड़े जब आपूर्ति विभाग को मिले तो विभाग ने इनको भी झटका दे दिया। आपूर्ति विभाग ने 3956 ऐसे राशन कार्ड निरस्त किए हैं, जिनके धारकों की मृत्यु हो चुकी थी। निराश्रित पेंशन पाने वाली महिलाओं के आंकड़ों से मिलान कर ऐसे कार्ड निरस्त किए गए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी सतीश मिश्रा ने बताया कि सरकार की मंशा है कि राशन पाने से कोई पात्र छूट न पाए और अपात्रों को इसका लाभ न मिल पाए। इसके लिए लगातार राशन कार्डों का परीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए अन्य विभागों से भी सहयोग लिया जा रहा है। अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त करने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिले में 178 किसान ऐसे थे जो मुफ्त राशन ले रहे थे। यही करण है कि उनके नाम सूची से हटाए गए हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में गेहूं, धान, बाजरा व मक्का की सरकारी खरीद हर साल की जाती है।

## जन्मभूमि पर वैदिक पद्धति से हुई श्रीमद्भागवत की स्थापना



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी की स्थापना का तीन दिवसीय विशेष उत्सव धूमधाम से आज पूर्ण हुआ। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी स्थापना उत्सव के तृतीय दिवस आज माघ कृष्ण एकादशी तद्नुसार शनिवार 25 जनवरी की प्रातः 8 बजे से श्रीभागवत भवन स्थित युगल सरकार श्रीराधाकृष्ण मंदिर स्थित महर्षि वेदव्यास जी प्रतिमा के समीप स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवतजी की स्थापना, श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी अनुराग डालमिया, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती जयन्ती डालमिया, संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, उदार दानदाता एवं भगवत भक्त एस लक्ष्मीनारायणन, श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायण- एवं मंदिर के पूजाचार्यो द्वारा वैदिक पद्धति से विशेष पूजन कर की गई। स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवतजी की स्थापना के उपरान्त ग्यारह भागवत आचार्यों द्वारा श्रीमद्भागवत जी के मूलपाठ का सस्वर गायन स्थापित स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी के निकट प्रारम्भ हुआ। इस मूलपाठ का विश्राम माघ शुक्ल द्वितीया तद्नुसार 31 जनवरी को होगा। इस अवसर पर उपस्थित भक्तों को वृहद मात्रा में प्रसाद वितरण किया गया।

## व्यापारियों व उद्यमियों ने जीएसटी से जुड़ी समस्याएं बतायीं, छोटी-छोटी गलतियों पर दंडात्मक रवैया न हो

**आगरा।** स्टेट जीएसटी भवन, जयपुर हाउस कार्यालय में व्यापारियों और उद्यमियों की जीएसटी से जुड़ी समस्याओं को सुनने और उनके समाधान पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण संवाद बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। बैठक में स्टेट जीएसटी विभाग के आगरा के शीर्ष अधिकारी मारुति चरण चौबे जी, अंजनी कुमार अग्रवाल , जॉइंट कमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर, कर अधिकारी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्य मंत्री राकेश गर्ग ने अपने प्रखर और प्रेरणादायक संबोधन में कहा, व्यापारी और उद्यमी इस देश की रीढ़ हैं। जीएसटी जैसी कर प्रणाली देश के आर्थिक विकास में मील का पत्थर है, लेकिन इसका उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह करना नहीं, बल्कि व्यापार और उद्योग को सशक्त बनाना है। जीएसटी प्रक्रिया को सरल और सहयोगात्मक बनाना हमारी प्राथमिकता है। अधिकारियों को चाहिए कि वे व्यापारियों की छोटी-छोटी गलतियों पर दंडात्मक रवैया न अपनाएं, बल्कि उन्हें सुधारने और समझाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दें। यह जरूरी है कि व्यापारिक समुदाय को ऐसा माहौल दिया जाए जहाँ वे खुलकर अपनी बात रख सकें और बिना भय के काम कर सकें। राज्य मंत्री राकेश गर्ग ने आगरा के व्यापारियों और उद्यमियों को विश्वास दिलाया कि उनके हर मुद्दे को सरकार और विभाग तक पूरी गंभीरता से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ह्लव्यापारी केवल करदाता नहीं, बल्कि देश के विकास के सहभागी हैं। उनका आत्मविश्वास और संतुलन बनाए रखना सरकार और विभाग की जिम्मेदारी है। जीएसटी विभाग के शीर्ष अधिकारी श्री मारुति चरण चौबे जी ने अपने वक्तव्य में राकेश गर्ग की विचारधारा की सराहना करते हुए कहा, जीएसटी विभाग व्यापारियों के साथ हमेशा सहयोगात्मक रवैया अपनाएगा। व्यापारिक समुदाय के साथ बेहतर संवाद और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। व्यापारियों और उद्यमियों के विकास में विभाग का पूरा सहयोग रहेगा।

## रजिश के चलते प्रधान को फायरिंग कर धमकाया

**आगरा।** जैतपुर ग्राम चंद्रपुर कंथरी प्रधान को कुछ दबंग लोगों ने जान से करने के नियत से फायरिंग कर धमकाया। कुछ समय पूर्व प्रधान द्वारा चकमार्ग मुक्त कराए जाने पर अतिक्रमण कारियो ने मुड़िडया उखाड़ के फेंक दी राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस के जाने के बाद दबंगों ने ग्राम प्रधान , सुनील कुमार एवं शिकायत कर्ता पर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी दी पुलिस कमिश्नर आदेशाअनुसार केस दर्ज जांच शुरू कर दी इसकी जांच हलका इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार कर रहे थे। आरोप है की 18/1/25 को ग्राम प्रधान सुनील कुमार पर हमला हुआ जान से मारने की धमकी दी गई दबंग ने कहा जो धारा 307 का मुकदमा लगा है उसको हटाओ वरना तुम्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा वर्तमान में जांच सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार को कर दी है संदीप कुमार विपक्षी गढ़ से मध्यस्थता कर रहे हैं प्रार्थी जब थाने गया तो देखा पूर्व सब इंस्पेक्टर विपक्षी गढ़ के पास बैठे हुए थे धारा 307 हटाने की बात चल रही थी प्रार्थी को डर है सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार जी जांच को प्रभावित कर सकते हैं। प्रधान को डर है की दबंग लोगों के द्वारा कभी भी कोई अनहोनी घटना कर सकती है ग्राम प्रधान भय भीत है उसने घर से पलायन कर दिया है घर के सभी सदस्य भयभीत और डरे सहमे में हुए है।

## वृंदावन की रहने वाली कंगना को महामंडलेश्वर की मिली उपाधि

**मथुरा।** महाकुंभ में फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के साथ वृंदावन की रहने वाली कंगना को भी महामंडलेश्वर की उपाधि मिली है। इन दोनों ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई और इनका महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने पद्विषेक किया। श्रीधाम वृंदावन में रहने वाली किन्नर समाज की अध्यक्ष कंगना ने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के सानिध्य में संगम पर पिंडदान किया और पुराने जीवन को त्यागकर संन्यासी जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। जूना अखाड़े के संतों की मौजूदगी में विधि विधान से महामंडलेश्वर ने इनका पट्टाभिषेक किया। इसके बाद से कंगना अब महामंडलेश्वर मां कृष्णा नंद गिरि के नाम से जानी जाएंगी। उन्होंने फिल्म अभिनेत्री से महामंडलेश्वर बनी ममता के साथ संगम में स्नान और पिंडदान किए। कंगना ने कहा कि व अब सनातन धर्म के लिए काम करेंगी और उनका जीवन इसी के लिए समर्पित रहेगा।

## गणतंत्र दिवस परेड में कदमताल करेगी वृंदावन की बेटी

**वृंदावन।** दिल्ली के कर्तव्यपथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में इस बार कान्हा की नगरी की बालिका भी देश के वीर जवानों के साथ कदमताल करेगी। बिरला बालिका विद्यापीठ प्लानी की छात्रा ज्योति गौतम अपने कौशल से नगर को गौरवान्वित करेंगी। नगर के युवा व्यवसायी सुनील गौतम की पुत्री देश के प्रतिष्ठित बिरला बालिका विद्यापीठ में ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा है जो इस वर्ष गणतंत्र दिवस की परेड में विद्यालय के एनसीसी गर्ल्स बैंड के साथ कदमताल करती नजर आयेगी। राजस्थान का बिरला विद्यापीठ स्कूल लगातार 66 वर्षों से अपनी विशिष्ट शैली के कारण गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा बनता रहा है। इस संबंध में पिता सुनील गौतम ने बताया कि परेड से लगभग एक महीने पहले ही विद्यालय की चयनित छात्राओं को दिल्ली के एनसीसी कैंप में शामिल किया जाता है। जहां सेना के ट्रेनर की निगरानी में प्रतिदिन कई घंटों तक वाद्ययंत्रों से रिहर्सल कराई जाती है। इस दौरान परिजनों को भी मिलने की इजाजत नहीं होती है। 26 जनवरी से दो दिन पूर्व सेना के सीनियर अधिकारियों की मौजूदगी में फुल ड्रेस रिहर्सल कराई गई थी।

## आबकारी टीम ने पुलिस के सहयोग से पकड़ी 14 पेटी विदेशी मदिरा, दो तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** थाना हाईवे पुलिस व आबकारी टीम ने शराब की तस्करी करने वाले 02 लोगों को 14 पेटी गैर प्रान्त की विदेशी मदिरा के साथ परिवहन के दौरान मय एक कार सियाज के साथ गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जिलाधिकारी सीपी सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा गठित आबकारी टीमों द्वारा जनपद मथुरा में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान लगाया हुआ है। बीतीरात आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम निहान्त यादव अपनी टीम और थाना हाईवे निरीक्षक आनंद कुमार शाही के साथ एटीवी के सामने दिल्ली मथुरा एन एच पर चेकिंग कर रहे थे कि हरियाणा से आंध्रप्रदेश राज्य हेतु एक मारुति सुजुकी सियाज कार टीएस 07जेवी3072 की डिग्गी व सीट के नीचे छिपा कर रखी 11 पेटी रेडलबेल, 1 पेटी ब्लैक लेवल, 1 पेटी शिवास रीगल, 1 पेटी सिग्नेचर (कुल 14 पेटी 126बीएल समस्त उत्तरप्रदेश राज्य के अतिरिक्त गैर प्रांत में विक्रय हेतु अनुमन्य )एक वॉकी टोकी, 2 कूटरचित नंबर प्लेट बरामद की है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम निहान्त यादव ने बताया कि हरियाणा से तेलंगाना ले जा रहे थे शराब, पकड़े गए तस्करों में पतलावल टिक्या (38) पुत्र पी. सेब्या निवासी देवनगुट्टा टांडा ग्राम पेडर वेली जिला महबूबनगर आन्ध्र प्रदेश व खटराबत गोविन्दू (26) पुत्र नारायन निवासी ग्राम पेडरवेली जिला महबूबनगर आन्ध्र प्रदेश श्रीकृष्ण मय माल है। परिवाहन के दौरान गैर प्रान्त की विदेशी मदिरा 14 पेटी जिसमें 11 पेटी विदेशी मदिरा के साथ पकड़ा है। तस्करी को पकड़ने वाली टीम में आनन्द कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे, राहुल चैधरी चैकी प्रभारी पन्ना पोखर, अभयराज यादव, (प्र.आ.सि.) आवकारी टीम क्षेत्र प्रथम मथुरा, अनुराग शुक्ला (आ.सि.) आवकारी टीम क्षेत्र प्रथम, जितेन्द्र कुमार आवकारी टीम क्षेत्र प्रथम, सुशील कुमार आवकारी टीम क्षेत्र प्रथम आदि शामिल रहे।

## गणतंत्र दिवस पर आयोजित किया जायेगा रक्तदान शिविर

**मथुरा।** ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति ( रजि )उत्तर प्रदेश लाइफ केयर चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार सुबह 9:00 बजे बजे से गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन लाइफ केयर चैरिटेबल ब्लड बैंक नेशनल हाईवे नंबर 2 हाईवे प्लाजा के सामने मथुरा पर किया जा रहा है।

# कलेक्ट्रेट में भव्यता से मनाया गया मतदाता दिवस



**मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी / डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षक/ शिक्षकाओं, छात्र-छात्राओं आदि को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई, जिसमें शपथ ली गई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए. निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

शपथ के पश्चात डीएम ने विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना की। रंगोली, पेटिंग एवं पोस्टर के माध्यम से मतदाता जागरूकता के विभिन्न स्लोग्न को प्रदर्शित किया गया तथा लोगों को इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी अहम भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी को सम्बोधित करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने कहा, वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में हमारी सबसे बड़ी भूमिका है। हर एक बोट से लोकतंत्र मजबूत होता है। हमें न केवल स्वयं जागरूक होना है, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करना है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर नागरिक इसमें भागीदार बने। उन्होंने वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम, पर जोर दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम एवं एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने प्रत्येक तहसील के सर्वश्रेष्ठ दो-दो बीएलओ को सम्मानित किया, जिसमें छाता से विजय पाल, घनश्याम सिंह, मांट से विकास शर्मा, तोताराम, गोवर्धन से मिटठन लाल, कल्पना, अंकित अग्रवाल, मथुरा से इन्द देव तिवारी, रामचरन एवं बल्देव से भूपेन्द्र सिंह तथा प्रदीप कुमार हैं। उन्होंने जनपद के विभिन्न स्कूलों में काव्य पाठ, स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। डीएम ने कैम्पस एम्बेसडर में पृथ्वी, प्रीति, लवली, पंकज व उमेश चन्द्र, बेस्ट नोडल आफिसर में अशोक कौशिक, रोली तिवारी, रवि पाल, विश्वन्जय सिंह, गिरीश चन्द्र शर्मा, कमलेश कुमार, सुचि खण्डेलवाल, सीमा यादव, सायमा मोहम्मद, रीतु सुरेश तथा विनेश, कोर कमेटी सदस्य में पल्लवी सिंह, दीनदयाल, अखिलेश यादव, मनीष दयाल, मनीषा शर्मा, पूजा राय, राजेश झा, अनीता मुदगल, गुरू प्यारी सतसंगी तथा कविता सक्सेना, एनएसएस नोडल आफिसर में निधि शर्मा, ज्योतेष चैधरी, रूमी जैसवाल तथा नवीन अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में ओमप्रकाश, कुलदीप द्विवेदी तथा सुनील कुमार एवं ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजक अंकित अग्रवाल को सम्मानित किया।

## मैक्स पिकअप में लगी आग, मचा हड़कंप

**मथुरा।** मथुरा- आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज पूर्वाह्न अलवर पुल के पास गैस की लीकेज से गत्तों से भरी मैक्सपिकअप में गाड़ी में आग लग गई। जिससे अफरातफरी मच गई और काफी देर तक दिल्ली आगरा के बीच यातायात अवरुद्ध हो गया। बाद में पुलिस ने लोगों के सहयोग से आग पर नियंत्रण पाया। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जब मैक्स पिकअप गाड़ी अलवर पुल के पास पहुंची तभी उससे धुआं उठने लगा। जिसे देखकर चालक गाड़ी से कूद गया। इसके बाद गाड़ी में भयंकर आग लग गई। धुआं के बीच आग की तेज लपटों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरातफरी मच गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों को जब पता चला कि आग लगने का कारण गैस लीक होना है। तो आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। दोनों ओर से यातायात को बंद कर दिया गया।

## मतदाता दिवस पर जेल अधीक्षक ने दिलायी शपथ



**मथुरा।** जिला कारागार मथुरा में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग द्वारा सभी अधिकारी एवम् कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कारापाल सुशील कुमार वर्मा, चिकित्साधिकारी डा0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, उपकारापाल सुश्री करूणेश कुमारी, रवीन्द्र कुमार, दुर्गेश प्रताप सिंह व अनूप कुमार, लेखाकार चूणामणि तिवारी, शिक्षाध्यापक सुलेन्द्र चैधरी एवं फार्मासिष्ट सुभाष चन्द्र द्विवेदी तथा अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

## प्रधान व ग्राम सचिव पर कार्यवाही न होने को लेकर मंडलायुक्त से मिले सुनील कुमार

**आगरा।** एत्मादपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मै हुये विकास कार्य लगभग 53 लाख का भुगतान नहीं हुआ है सुनील कुमार समाजसेवी सप्लायर के द्वारा आज मंडलआयुक्त आगरा मंडल आगरा को ज्ञापन सौपा ग्राम पंचायत अगवार खास ब्लॉक एत्मादपुर आगरा कमिश्नर भ्रष्टाचार लिफ्त ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव कार्रवाई न होने पर बहुत परेशान होकर अपने परिवार ओर संगठन को लेकर आपके कार्यालय पर धरना दिए जाने के लिए विवश हो रहा हू उक्त ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को कराए जाने के लिए मटेरियल व लेबर सप्लाई की जिसका लंबित भुगतान करने के लिए आपके समक्ष भी विभिन्न बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद भी केवल एक साल से जांच के नाम पर गोलमोल शिकायतों का निस्तारण किया जा किया जा रहे है और ग्राम प्रधान व सचिव ने ?10 लाख की कमीशन मुझे डराधमका कर ले लिए ले ली जिसका मुझ पर इंटरनेट रिकॉर्ड है उसके बाद भी ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव भुगतान करने के लिए मना कर रहा है और कहता है हम जिले तक कमीशन का पैसा देते हैं आप चाहे कहीं भी शिकायत कर लो लेकिन भुगतान नहीं किया जाएगा

## प्रशासन ने आश्रम को कराया कब्जा मुक्त

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने मथुरा में चार्ज संभालते ही अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। उनके तेवर दिखाते ही भूमाफियाओं में भगदड़ मच गई है। पूर्व में प्रमुखता से छापी गई खबर का संज्ञान लेते हुए डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार को निर्देशित किया। जिलाधिकारी के निर्देशन में सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने मय फोर्स के वृंदावन में हुए आश्रम पर कब्जे को मुक्त कराया। डीएम द्वारा की गई कार्यवाही को देखते हुए वृंदावन के भूमाफियाओं में हलचल शुरू हो गई है। वहीं डीएम के निर्देशन में की गई कार्यवाही की वृंदावन की जनता ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। वहीं पीड़ित ने भी मीडिया से बात करते हुए बताया कि हमें तो ये उम्मीद ही नहीं थी कि कभी हमारे आश्रम का कब्जा हटेगा मगर डीएम और सिटी मजिस्ट्रेट साहब से मिलने के बाद हमें विश्वास ही नहीं पूर्ण उम्मीद हो गई थी कि अब हमारा आश्रम इन दबंग लोगों से मुक्त हो जाएगा। हम डीएम से मिले थे और उन्होने कार्यवाही करते हुए शाम को ही आश्रम को कब्जा मुक्त करा दिया।

## नाविकों की कोतवाली प्रभारी से निष्पक्ष जांच की मांग

**वृंदावन।** यमुना में क्रूज संचालकों और नाविकों के बीच एक बार फिर विवाद गहराने लगा है। क्रूज संचालक द्वारा कई नाविकों के विरुद्ध मारपीट और धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराने से आक्रोशित एक सैकड़ा से अधिक नाविकों ने कोतवाली प्रभारी से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। गौरतलब है कि बीते साल यमुना में टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रूज संचालन के प्रशासनिक फैसले के बाद स्थानीय नाविकों और क्रूज संचालकों के बीच उपजा विवाद अभी भी थमने का नाम ले रहा है। लंबे समय के शीत विराम के बाद अब एक बार फिर दोनों पक्षों में विवाद गहराने लगा है। बताया जाता है कि क्रूज के अबाध संचालन में तकनीकी दिक्कत आने के बाद क्रूज संचालकों द्वारा मोटर बोट चलाए जाने के निर्णय लिया गया है।

# जर्मनी ने छात्रों को दीं कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण जानकारियां

नेशनल सेमिनार

**मथुरा।** संस्कृति विवि के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने पीआई इंडस्ट्रीज, जर्मनी के सहयोग से शिक्षा और अनुसंधान के लिए नवाचार विकास के अवसर विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कृषि और संबद्ध विषयों के क्षेत्र में प्रगति और करियर की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की भी विस्तार से जानकारी दी।

विशेषज्ञ वक्ता के रूप में पीआई इंडस्ट्री जर्मनी के डवलपमेंट प्रमुख डॉ. क्लाउस कुंज ने कृषि, इंजीनियरिंग, जैव प्रौद्योगिकी, बुनियादी विज्ञान और प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को पीआई इंडस्ट्रीज द्वारा प्रदान किए जाने वाले विशाल अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने अनुसंधान, उत्पाद विकास और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने में विविध कौशल और मानसिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. कुंज ने कृषि छात्रों को भी लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. क्लाउस कुंज ने कृषि, इंजीनियरिंग, जैव प्रौद्योगिकी, बुनियादी विज्ञान और



प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों के छात्रों को पीआई इंडस्ट्रीज द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों का लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने अनुसंधान, उत्पाद विकास और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने में विविध कौशल और मानसिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. कुंज ने कृषि छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए पीआई इंडस्ट्रीज द्वारा पेश किए गए छह महीने के इंटर्नशिप कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि अतिथि डॉ. चक्रधर पाल ने कृषि में नवाचार, विकास और अनुसंधान को बढ़ावा देने में सहयोग के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने बदलते पर्यावरण पैटर्न के बारे में चिंता व्यक्त की और छात्रों से स्थायी समाधान खोजने में सक्रिय रूप से संलग्न होने का आग्रह किया। सेमिनार की शुरूआत कृषि विद्यालय के डीन डॉ. कंचन कुमार सिंह द्वारा सेमिनार की विषय संबंधी जानकारी देने से हुई। उन्होंने अनुसंधान और विकास में प्रतिष्ठित वक्ताओं के विशाल अनुभव पर प्रकाश डाला। संस्कृति विवि के कुलपति डॉ. एम.बी. चेट्टी ने वक्ताओं का स्वागत किया और कृषि पेशेवरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में उनके प्रयासों की सराहना की। सेमिनार का समापन स्कूल ऑफ एजुकेशन से डॉ. रानू गुप्ता द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वक्ताओं, आयोजकों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सेमिनार द्वारा विद्यार्थियों को उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में जानकारी हासिल करने और अवसरों का पता लगाने के लिए एक अमूल्य मंच प्रदान किया गया और कृषि चुनौतियों से निपटने में नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व को जानने में सहयोग मिला।

# भारत- इंडोनेशिया और मजबूत करेंगे रक्षा संबंध

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और इंडोनेशिया ने शनिवार को रक्षा विनिर्माण एवं आपूर्ति श्रृंखला में संयुक्त रूप से काम करने, द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाने एवं समुद्री सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच व्यापक वार्ता के बाद स्वास्थ्य, समुद्री सुरक्षा, संस्कृति एवं डिजिटल स्पेस के क्षेत्रों में सहयोग के लिए कम से कम पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

मोदी ने मीडिया में जारी अपने वक्तव्य में कहा कि दोनों देश इस क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच मोदी ने कहा, हम इस बात पर सहमत हैं कि नौवहन की स्वतंत्रता अंतराष्ट्रीय कानून के अनुरूप सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद रोधी और कट्टरपंथ से मुक्ति के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने कहा कि वे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और नियम-आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए सुबियांतो रविवार को कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। भारत के साथ इंडोनेशिया की साझेदारी को बेहद महत्वपूर्ण करार देते हुए सुबियांतो ने कहा कि द्विपक्षीय आर्थिक भागीदारी में तेजी लाने के लिए उन्होंने अपने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद निरोध और कट्टरपंथ से मुक्ति के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में मिलकर काम करने का भी निर्णय लिया। मोदी ने कहा, इंडोनेशिया आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन) और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारा महत्वपूर्ण साझेदार है। मोदी ने कहा, हम दोनों इस पूरे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम-आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हमारी एक्ट ईस्ट नीति में आसियान की एकता और केंद्रीयता पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यापक चर्चों का फोकस आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित था। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमारा द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ा है और पिछले वर्ष यह 30 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया।

# विभिन्न सेवाओं के 942 कर्मियों को दिए वीरता और सेवा पदक

एजेंसी



नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 942 पुलिस, अग्निशमन व नागरिक सुरक्षा कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया। शनिवार को जारी एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। इनमें 95 वीरता पदक शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पुरस्कार पाने वालों में पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के कर्मी शामिल हैं। वीरता पुरस्कार विजेताओं में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात 28, जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में तैनात 28, पूर्वोत्तर में तैनात तीन और अन्य क्षेत्रों में तैनात 36 कर्मी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 101 राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक (पीएसएम) में से 85 पदक पुलिस कर्मियों, पांच अग्निशमन सेवा कर्मियों, सात नागरिक सुरक्षा व होमगार्ड सेवा और चार सुधारात्मक सेवा से जुड़े कर्मियों को दिए गए हैं। बयान में कहा गया है कि 746 उत्कृष्ट सेवा पदकों में से 634 पुलिस सेवा, 37 अग्निशमन सेवा, 39 नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षक सेवा तथा 36 सुधारात्मक सेवा कर्मियों को दिए गए हैं। वहीं वीरता पदक से सम्मानित जम्मू-कश्मीर के 15 पुलिसकर्मियों में कश्मीर क्षेत्र के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार समेत वे सात पुलिसकर्मी भी शामिल हैं जिन्होंने तीन साल पहले अमरनाथ यात्रा पर संभावित आतंकवादी हमले को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वीरता पदक से सम्मानित होने वालों में पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट्ट भी शामिल हैं, जो सितंबर 2023 में दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान अपने प्राणों की बलि दे दी थी। इस गोलीबारी में भट्ट समेत चार अधिकारियों ने अपनी जान गंवाई थी। भट्ट को पिछले साल स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर असाधारण बहादुरी के लिए कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था।

## संक्षेप

### डीएलएफ ने 11,816 करोड़ में 173 घर बेचे

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ ने गुरुग्राम में अपनी अत्यधिक आलीशान आवासीय परियोजना द डहलियाज में 173 अपार्टमेंट कुल 11,816 करोड़ रुपये में बेचे हैं। डीएलएफ ने पिछले साल अक्टूबर में हरियाणा के गुरुग्राम में डीएलएफ चरण पांच में 17 एकड़ की आवासीय परियोजना द डहलियाज पेश की थी। इसमें 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस हैं। यह परियोजना उसी स्थान पर द कैमेलियास की सफल आपूर्ति के बाद डीएलएफ की दूसरी अत्यधिक आलीशान पेशकश है। इस परियोजना में एक अपार्टमेंट का न्यूनतम आकार 10,300 वर्ग फीट है। एक निवेशक प्रस्तुति के मुताबिक डीएलएफ ने 11,816 करोड़ रुपये में 173 इकाइयां बेचीं। इन इकाइयों का कुल क्षेत्र 18.5 लाख वर्ग फुट था। प्रत्येक आवासीय इकाई से औसतन 70 करोड़ रुपये मिले। डीएलएफ समूह के प्रबंध निदेशक अशोक त्यागी ने कहा कि इस विशेष पेशकश के लिए बहुत मजबूत मांग रही है।

### आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़कर 11,792 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 10,272 करोड़ रुपये रहा था। निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 48,368 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 42,792 करोड़ रुपये रही थी। बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन अवधि में बढ़कर 41,300 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 36,695 करोड़ रुपये रही थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात दिसंबर तिमाही के अंत में सुधरकर 1.96 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 2.3 प्रतिशत था। इसी तरह, शुद्ध एनपीए या खराब ज ण घटकर 0.42 प्रतिशत रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 0.44 प्रतिशत था।

### एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर

नयी दिल्ली। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने शनिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 18 फीसदी बढ़कर 65.61 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसने 55.61 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय सालाना आधार पर 463.46 करोड़ रुपये से बढ़कर 581.46 करोड़ रुपये हो गई। खर्च 383.28 करोड़ रुपये से बढ़कर 482.22 करोड़ रुपये हो गया।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दस आतंकवादी गिरफ्तार

एजेंसी

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने एक बड़े आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) समूह से जुड़े 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, इस सप्ताह पूरे प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित कई अभियानों के दौरान सुरक्षा एजेंसियों की त्वरित और निर्णायक कार्वाई ने लाहौर और पंजाब के अन्य शहरों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर योजनाबद्ध हमलों को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि लाहौर, रावलपिंडी, शेखपुरा, बहावलनगर, मियांवाली, सरगोधा और फैसलाबाद सहित जिलों में 163 खुफिया अभियान चलाए गए। अधिकारी ने कहा, इन अभियानों के परिणामस्वरूप 10 खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। हिरासत में लिए गए लोगों में टीटीपी का एक बेहद खतरनाक आतंकवादी भी शामिल है, जिसे लाहौर में विस्फोटकों के साथ पकड़ा गया।

उनके पास से 3,000 ग्राम से अधिक विस्फोटक, 11 डेटोनेटर, 22 फुट सेफ्टी फ्यूज वायर, एक आईईडी और प्रतिबंधित साहित्यिक सामग्री बरामद की गई। प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादी प्रमुख सरकारी इमारतों और अन्य महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमले की साजिश रच रहे थे। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के खिलाफ 10 मामले दर्ज किये गए हैं और जांच जारी है।

# यमुना साफ करने का वादा पूरा नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। नयी दिल्ली विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने यमुना को साफ करने का वादा पूरा नहीं करने के लिए नदी के गंदे पानी में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का एक पुतला विसर्जित किया। वर्मा ने आईटीओ पर नदी तट के निकट पत्रकारों से कहा कि यमुना की सफाई का वादा पूरा करने में केजरीवाल की विफलता स्पष्ट हो गई है। उन्होंने कहा, 11 साल सत्ता में रहने और 8,000 करोड़ रुपये खर्च करने के

**❍ वर्मा ने नदी में विसर्जित किया केजरीवाल का पुतला**

बावजूद आप सरकार यमुना की सफाई का अपना वादा पूरा करने में विफल रही। यह दिल्ली के लोगों के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात है। केजरीवाल ने दावा किया था कि वे 2025 तक गंगा को साफ कर देंगे, लेकिन स्थिति और खराब हो गई है। उन्होंने कहा, उनके पुतले को विसर्जित करके हम दिल्ली की जनता के सामने उनकी विफलता को उजागर कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में आप प्रमुख ने माना था कि वह यमुना की सफाई का वादा पूरा नहीं कर पाए। अब केजरीवाल ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि दिल्ली में आप की सरकार बनने के बाद अगले दो-तीन साल में नदी साफ हो जाएगी। वर्मा ने आरोप लगाया कि



मुख्यमंत्री के रूप में केजरीवाल का कार्यकाल खोखले वादों व झूठे दावों तक सीमित रहा है। उन्होंने आप संयोजक पर यमुना को साफ करने की मंशा और क्षमता का अभाव होने का भी आरोप लगाया। वर्मा ने कहा, यमुना में उनका पुतला विसर्जित करने का यह कार्य लोगों को याद दिलाता है कि अब दिल्ली को झूठे वादों से मुक्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन का उद्देश्य केजरीवाल और आप सरकार की विफलताओं को उजागर करना और यह स्पष्ट संदेश देना है कि जब तक झूठ और दुष्प्रचारै की राजनीति जारी रहेगी, दिल्ली की समस्याएं खत्म नहीं हो पाएंगी।

# नयी फसल आने की सुगबुगाहट से पहले सरसों तेल-तिलहन में गिरावट

एजेंसी

नयी दिल्ली। मंडियों में सरसों की नयी फसल आने की सुगबुगाहट से पहले देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों तेल-तिलहन के थोक दाम टूट गये। मंहगे दाम के कारण डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग न होने से सोयाबीन तिलहन कीमत में भी गिरावट देखी गई।

दूसरी ओर बाजार में कपास की आवक घटने की वजह से बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। वहीं मंदा कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, पैसों की तंगी के बीच आयात लागत से कम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तेल, लिवाली ना होने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन के दाम अपरिवर्तित रहे। बाजार सूत्रों के अनुसार सरसों की नयी फसल के फरवरी के मध्य में मंडियों में आने की संभावना है और इससे पहले इसके दाम टूटते दिखे। वहीं मंहगे दाम पर सोयाबीन डीओसी की मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

उन्होंने कहा कि निरंतर कपास की घटती आवक के कारण कपास से निकलने वाले बिनौला सीड की कम पेराई होने से बिनौला तेल के दाम में सुधार आया। कपास की आवक दिसंबर के लगभग 2 लाख 40 हजार गांठ से घटकर अभी एक लाख 10 हजार गांठ रह गई है। सूत्रों ने कहा कि आम तौर पर शनिवार को मूंगफली में कारोबार मंदा रहता है और इसके असली रुख के बारे में सोमवार के कारोबार में पता लगेगा। कमजोर कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम अपरिवर्तित रहे।

# गणतंत्र दिवस : कर्तव्य पथ पर भारत अपनी सैन्य शक्ति, विरासत का करेगा प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में यहां रविवार को कर्तव्य पथ पर अपनी सैन्य शक्ति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करने के अलावा विरासत और विकास का प्रतीकात्मक संगम प्रदर्शित करेगा। राष्ट्र संविधान के लागू होने का प्लेटिनम जुबली भी 26 जनवरी को मनाएगा। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे।

परेड में इंडोनेशिया का एक मार्चिंग दस्ता और बैंड का एक दल भी भाग लेगा। सुबियांतो गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति होंगे। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में, भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। इस वर्ष समारोहों का मुख्य आकर्षण संविधान का 75 साल पूरा होना है, लेकिन झांकियों का विषय



स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास है। रविवार को विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 16 झांकियां और केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की 15 झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। देश अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन ब्रह्मोस, पिनाक और आकाश सहित कुछ अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का प्रदर्शन करेगा। साथ ही, सेना की युद्ध निगरानी प्रणाली संजय और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की सतह से सतह पर मार करने वाली सामरिक मिसाइल प्रलय पहली बार परेड में शामिल की जाएगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि टी-90 भीष्म टैंक, सारथ (पैदल सेना ले जाने वाला वाहन बीएमपी-2), शॉर्ट स्पैन ब्रिजिंग सिस्टम 10 मीटर, नाग मिसाइल सिस्टम, मल्टी बैरल रॉकेट लांचर सिस्टम अग्निबाण और बजरंग (हल्का विशिष्ट वाहन) भी परेड का हिस्सा होंगे। परेड में कई अन्य चीजें भी पहली बार देखने को मिलेंगी, जैसे तीनों सेनाओं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) की झांकी, जो सशस्त्र बलों के बीच तालमेल को दर्शाएगी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, झांकी में युद्ध के मैदान का परिदृश्य दिखाया जाएगा, जिसमें स्वदेशी अर्जुन युद्धक टैंक, तेजस लड़ाकू विमान और उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर के साथ थल, जल और वायु में समन्वित अभियान का प्रदर्शन किया जाएगा। तीनों सेनाओं की झांकी का विषय सशक्त और सुरक्षित भारत होगा। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, डीआरडीओ रक्षा कवच -बहु-क्षेत्रीय खतरों के खिलाफ बहु-स्तरीय सुरक्षा विषय पर एक झांकी पेश करेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

# हमास ने इजराइल की चार महिला सैनिकों को किया रिहा

एजेंसी

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)। हमास आतंकवादियों ने गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए इजराइल के साथ हुए युद्ध विराम समझौते के तहत उसकी चार महिला सैनिकों को शनिवार को भीड़ के सामने परेड करने के बाद रिहा कर दिया। चारों महिला सैनिकों की रिहाई के बदले इजराइल के भी शाम तक 200 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करने की संभावना है।

इजराइली सेना ने हमास द्वारा छोड़ी गई चारों महिला सैनिकों-करीना एरिएव (20), डेनियेला गिल्बोआ (20), नामा लेवी (20) और लिरी अल्बाग (19) के उसके पास पहुंचने की पुष्टि की है। उसने बताया कि हमास आतंकवादियों ने इन महिला सैनिकों को गाजा पट्टी में हजारों लोगों की भीड़ के सामने परेड कराने के बाद रेड क्रॉस को सौंप दिया था। शनिवार को इजराइल और हमास के बीच बंधकों और कैदियों



की संभावित अदला-बदली के मद्देनजर तेल अवीव के बंधक चौक और गाजा सिटी के फलस्तीन चौक पर सुबह से ही भीड़ जुटने लगी थी।

यह दोनों पक्षों के बीच गाजा पट्टी में पिछले सप्ताहांत प्रभावी हुए युद्ध विराम समझौते के तहत इस तरह की दूसरी अदला-बदली है। युद्ध विराम समझौते का मकसद गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच अब तक के सबसे भीषण और विनाशकारी युद्ध को समाप्त करना है। इस पर अमल से क्षेत्र में हवाई हमले रुक गए हैं और मदद सामग्री की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो पा रही है। पिछले रविवार को युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद हमास आतंकवादियों ने तीन इजराइली बंधकों को रिहा किया था, जिसके बदले में इजराइल ने 90 फलस्तीनी कैदियों को छोड़ा था। शनिवार को रिहा की गई इजराइल की चार महिला सैनिकों के बदले फलस्तीन के जिन 200 कैदियों को छोड़े जाने की संभावना है, उनमें से 120 ऐसे हैं।

## पेज एक का शेष

### संविधान हमारी

परिवर्तन हुआ वो संविधान में निर्धारित रूपरेखा के बिना संभव नहीं हो सकता था। मुर्मू ने कहा, भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिंब हमारी संविधान सभा की संरचना में भी दिखाई देता है। उस सभा में देश के सभी हिस्सों और सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व था। सबसे अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि संविधान सभा में सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी, हंसाबेन मेहता और मालती चौधरी जैसी 15 असाधारण महिलाएं भी शामिल थीं।

### सनातन धर्म

उपासना विधि हो सकती है, लेकिन धर्म तो एक ही है और वह है सनातन धर्म। यही मानव धर्म है। भारत में जितनी भी उपासना विधियां हैं, वह अलग पंथ और संप्रदाय से भले ही जुड़ी हों, लेकिन निष्ठा और आस्था सब की सनातन धर्म से जुड़ी हुई है। सबका उद्देश्य तो एक ही है। इसलिए महाकुंभ के इस पावन आयोजन पर हम सबको पूरी दुनिया से आए लोगों को एक ही संदेश देना है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री का कहना है कि महाकुंभ का संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा देश। उन्होंने कहा कि याद रखना, भारत सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित हैं। भारत सुरक्षित है तो हर पंथ, हर संप्रदाय सुरक्षित है और अगर भारत के ऊपर कोई संकट आएगा तो सनातन धर्म पर संकट आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म पर संकट आएगा तो भारत के अंदर कोई भी पंथ और संप्रदाय अपने आप को सुरक्षित महसूस न करे। वह संकट सबके ऊपर आएगा, इसलिए संकट की नौबत आने न पाए, इसके लिए एकता का संदेश आवश्यक है। योगी ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि इस महाकुंभ के आयोजन से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दिन कोटि-कोटि श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती की पावन त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाकर अभिभूत हुए हैं।

### महाकुम्भ में

कहा यह आनंद का विषय है कि इस महाकुंभ में शृंगेरी पीठ के शंकराचार्य पांच दिन का प्रवास करेंगे, यह हमारे लिए आशीर्वाद की तरह है।

योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन आपका आभारी है। कुंभ जैसे आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में आपकी उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य को महाकुंभ की व्यवस्था, संतों की भागीदारी और वैश्विक स्तर पर लोगों के आगमन से जुड़ी सभी जानकारियां प्रदान कीं। बयान में कहा गया कि शृंगेरी पीठ के शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री द्वारा महाकुंभ के विषय में दी गई जानकारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने महाकुंभ में की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं की प्रशंसा की। अपनी सेवा में जुटे लोगों को भी उन्होंने आशीर्वाद दिया। शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री को दक्षिण पीठ की परंपरा के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 48 वर्ष पहले गुरु के गुरु कुंभ में अमावस्या के समय एक दिन का स्नान करने के लिए यहां आए थे, लेकिन औपचारिक रूप से दक्षिण से कोई शंकराचार्य 150 वर्षों के बाद महाकुंभ में सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पांच दिन के प्रवास के अवसर पर वह शास्त्रार्थ के साथ ही अमावस्या पर शंकराचार्यों के साथ त्रिवेणी संगम स्नान में भी सम्मिलित होंगे। उन्होंने अपने प्रवास और इसके बाद कार्यक्रमों के विषय में भी बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य से काशी प्रवास के अवसर पर शास्त्रार्थ सभा और प्रवचन करने का भी निवेदन किया। जिस पर शंकराचार्य ने भी अपनी सहमित दी।

### लोक गायिका

किया जाएगा। पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश, साध्वी ऋतंभरा, अभिनेता एस. अजित कुमार और फिल्म निर्देशक शेखर कपूर को भी पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा, राजस्थान की लोक गायिका बतूल बेगम, दिल्ली की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरजा भटला समेत 113 हस्तियों को इस बार पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जिनमें कई गुमनाम हैं। कुवैत की योगा ट्रेनर और ब्राजील के मैकेनिकल इंजीनियर से हिंदू आध्यात्मिक और वेदांत गुरु बने जोनास मासेटी का नाम भी है। 100 साल की लीबिया लोबो सरदेसाई को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। पश्चिम बंगाल के 57 साल के गोकुल चंद्र दास को यह अवॉर्ड मिला है। इन्होंने 150 महिलाओं को ढाक बजाने की ट्रेनिंग दी। राजस्थान की लोक गायिका बतूल बेगम, दिल्ली की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरजा भटला, सामाजिक कार्यकर्ता भीम सिंह भावेश ,दक्षिण भारतीय संगीतकार पी. दत्चनमूर्ति, नगालैंड के फल किसान एल. हैंगथिंग का भी पद्मश्री की लिस्ट में नाम है। गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली लीबिया लोबो सरदेसाई ने पुर्तगाली शासन के खिलाफ लोगों को एकजुट करने के लिए 1955 में एक जंगली इलाके में भूमिगत रेडियो स्टेशन वोज दा लिबरडाबे (वॉयस ऑफ फ्रीडम) की स्थापना की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरदेसाई को पद्मश्री से सम्मानित करने की घोषणा की। पुरस्कार पाने वालों में पश्चिम बंगाल के 57 वर्षीय ढाक वादक गोकुल चंद्र डे भी शामिल हैं जिन्होंने पुरुष-प्रधान क्षेत्र में 150 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ा। डे ने ढाक प्रकार का एक हल्का वाद्ययंत्र भी बनाया, जो वजन में पारंपरिक वाद्ययंत्र से 1.5 किलोग्राम कम था।

उन्होंने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया और पंडित रविशंकर तथा उस्ताद जाकिर हुसैन जैसी हस्तियों के साथ कार्यक्रम किए। पद्मश्री सम्मान की सूची में शामिल महिला सशक्तीकरण की मुखर समर्थक 82 वर्षीय सैली होलकर ने लुप्त हो रही माहेश्वरी शिल्प कला को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पारंपरिक बुनाई तकनीकों में प्रशिक्षण देने के लिए मध्य प्रदेश के महेश्वर में हथकरघा स्कूल की स्थापना की।

### पीएम मोदी

आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को खेल मंत्री रेखा आर्या के साथ महाराणा प्रताप स्टेडियम स्थित रजत जयंती खेल परिसर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि खिलाड़ियों और आगन्तुकों की सुविधा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाये।

### मेरठ : पांच

जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा ने बताया कि लिसाड़ी गेट में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की हत्या कर कर दी गई थी जिसके सिलसिले में नईम की तलाश थी। ताड़ा के अनुसार नईम पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था और काफी समय से पुलिस को उसकी तलाश भी थी।

### डॉ.अखिलेश

बजे तक चलता है। प्रत्येक अलाव में लगभग 40 किलो लकड़ी जलाई जाती है। एक टीम ने जहां ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स ऑफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर अलाव जलाने की जिम्मेदारी निभाई, वहीं दूसरी टीम ने राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग, मेदांता अस्पताल, लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाया।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

# तिलक का धमाल, दो विकेट से जीता भारत

एजेंसी



चेन्नई। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में रोमांचक मुकाबला 2 विकेट से जीत लिया। दूसरे टी-20 में इंग्लैंड ने 166 रन का टारगेट दिया था। भारत ने 146 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन तिलक वर्मा की नॉटआउट फिफ्टी से टीम ने आखिरी ओवर में मुकाबला जीत लिया। तिलक ने 55 गेंद पर 72 रन की पारी खेली। वॉशिंगटन सुंदर ने 26 रन बनाए। इंग्लैंड से ब्रायडन कार्स ने 3 विकेट लिए। दूसरा टी-20 जीतकर भारत ने सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। तीसरा मैच राजकोट में 28 जनवरी को खेला जाएगा। इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 में भारत को 166 रन का टारगेट दिया है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में शनिवार को भारत ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने 9 विकेट खोकर 165 रन बनाए।

कप्तान जोस बटलर ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। भारत से अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए। भारत से तिलक वर्मा और अर्शदीप सिंह क्रीज पर हैं। 16 ओवर के बाद टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 145 रन बना लिए हैं। तिलक फिफ्टी लगा चुके हैं। वॉशिंगटन सुंदर 26 रन बनाकर आउट हुए। ब्रायडन कार्स ने 3 विकेट लिए। मार्क वुड, जैमी ओवर्टन, लियम लिविंगस्टन और जोफ्रा आर्चर को 1-1 विकेट मिला। तिलक वर्मा ने 16वें ओवर में जोफ्रा आर्चर के खिलाफ छक्का लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। आर्चर ने शॉर्ट पिच बॉल फेंकी। तिलक ने पुल शॉट खेला और गेंद विकेटकीपर के पीछे से छक्के के लिए चली गई। तिलक पिछली 4 पारियों से आउट नहीं हुए हैं। अक्षर पटेल 2 रन बनाकर आउट हो हए। उन्हें 15वें ओवर में लियम लिविंगस्टन ने कैच कराया। लिविंगस्टन ने ओवर की पांचवीं बॉल फुलर लेंथ फेंकी थी, अक्षर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन डीप मिड-विकेट पर कैच हो गए। भारत ने 14वें ओवर में छठा विकेट गंवा दिया। ब्रायडन कार्स ने वॉशिंगटन सुंदर को बोल्ड किया। सुंदर ने 19 गेंद पर 26 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। 13वें ओवर की दूसरी बॉल पर वाशिंगटन सुंदर को जीवनदान मिला।

यहां मार्क वुड की फुल लेंथ बॉल को सुंदर ने लॉन्ग ऑन के ऊपर से मारना चाहा। सुंदर के बैट पर बॉल सही तरीके से कनेक्ट नहीं हुई और रशीद ने आसान-सा कैच छोड़ दिया। इसके बाद इस ओवर में सुंदर ने 1 छक्का और 2 चौके लगा दिए। टीम इंडिया ने 13वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। वॉशिंगटन सुंदर ने मार्क वुड के खिलाफ छक्का लगाकर टीम का स्कोर सेंचुरी के पार पहुंचाया। इस दौरान तिलक वर्मा भी सुंदर के साथ पिच पर मौजूद रहे। भारत ने 10वें ओवर में 5वां विकेट गंवा दिया। जैमी ओवर्टन ने ओवर की पहली ही गेंद पर हार्दिक पंड्या को कॉट बिहाइंड करा दिया। हार्दिक ने 6 गेंद पर 7 रन बनाए। भारत ने 8वें ओवर में चौथा विकेट भी गंवा दिया। ब्रायडन कार्स ने ओवर की चौथी गेंद पर ध्रुव जुरेल को कैच आउट कराया। जुरेल ने 5 गेंद पर 4 रन बनाए। इससे पहले कार्स ने सूर्यकुमार यादव को भी पवेलियन भेजा था। भारत ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में कप्तान सूर्यकुमार यादव का विकेट भी गंवा दिया। ब्रायडन कार्स ने ओवर की चौथी गेंद पर सूर्या को बोल्ड किया। सूर्या ने 7 गेंद पर 12 रन बनाए। टीम ने पावरप्ले में 3 विकेट गंवाकर 59 रन बना लिए। पांचवें ओवर में टीम इंडिया ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। तिलक वर्मा ने जोफ्रा आर्चर के खिलाफ ओवर में 2 छक्के और 1 चौका लगाकर टीम की फिफ्टी पूरी कराई। उनके साथ सूर्यकुमार यादव भी पिच पर मौजूद रहे। भारत ने तीसरे ओवर में संजू सैमसन का विकेट भी गंवा दिया। जोफ्रा आर्चर ने ओवर की तीसरी गेंद बाउंसर फेंकी।

# सबालेंका को हराकर कीज बनी ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन



मेलबर्न। अमेरिका की मैडिसन कीज ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल फाइनल में दो बार की गत चैंपियन बेलारूस की एरिना सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस 29 साल की खिलाड़ी ने ढाई घंटे तक चले मैच को 6-3, 2-6, 7-5 से अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी को हराने से पहले सेमीफाइनल में दूसरे रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। वह इस तरह मेलबर्न पार्क में सेरेना विलियम्स के बाद रैंकिंग की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गयी है। सेरेना ने यह कारनामा 2005 में किया था।

रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज कीज को इस टूर्नामेंट में 19वीं वरीयता मिला थी। अमेरिकी ओपन 2017 में उपविजेता रहने के बाद यह उनका दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था। अमेरिका की खिलाड़ी ने चैंपियन बनने के बाद कहा, मुझे लंबे समय से इसका इंतजार था। मैं एक अन्य ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची थी और वहां चीजें मेरे पक्ष में नहीं थी। मैं फिर से उस स्थिति में नहीं आना चाहती थी। कीज ने इसके साथ सबालेंका को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताबी जीत की हैट्रिक लगाकर मार्टिना हिंगिस की बराबरी करने से रोक दिया। हिंगिस 1997 से 1999 तक लगातार तीन बार इसकी चैम्पियन बनी थी। अमेरिका की खिलाड़ी ने जीत दर्ज करते ही अपना चेहरा अपने हाथों से ढक लिया, फिर हाथों को ऊपर उठा का जश्न मनाया। उन्होंने इसके बाद अपने पति और कोच (2023 से) ब्योर्न फ्रैटांगेलो और टीम के अन्य सदस्यों को गले लगाया। सबालेंका ने कीज को बधाई देने के बाद अपने टेबल के पास जाकर रैकेट को जोर से जमीन पर पटका और अपनी भावनाओं को छिपाने के लिए सफेद तौलिये से चेहरा ढक लिया। सबालेंका ने कहा, मैडिसन (कीज) के लिए क्या कमाल का टूर्नामेंट रहा। उन्होंने कीज से कहा, जश्न मनाओ, इस क्षण का पूरा लुत्फ उठाओ। सबालेंका ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह अपनी भावनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, मुझे बस, अपने लिए कुछ समय की जरूरत थी कि मैं कुछ समय के लिए अपने प्रदर्शन से दिमाग हटाकर दूसरे के लिए सम्मान रखना चाहती थी।

# गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



